उज्जैन
गुरुवार
06
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-274
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▶ एमवाय के बर्खास्त फार्मासिस्ट के पास मिली 10 करोड़ रुपए की संपत्ति
7 ▶ इंदौर एयरपोर्ट से 1.28 करोड़ के सोने की तस्करी नाकाम

### ईरान ने गल्फ देशों को हमले की धमकी दी

**वॉशिंगटन डीसी।** ईरान ने गल्फ देशों को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने उसके ऊर्जा ढांचे पर फिर हमला किया, तो वह पूरे इलाके के तेल ठिकानों, रिफाइनरियों, बिजली ग्रिड और दूसरे अहम इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाएगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सऊदी अरब, कतर, तुर्किये और पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से बात कर अमेरिका पर दबाव बनाने की अपील की, ताकि नया हमला टाला जा सके। ईरान का कहना है कि वह अभी भी कूटनीतिक समाधान चाहता है, लेकिन अगर हमला हुआ तो जवाब पहले से ज्यादा बड़ा होगा। इसके बाद सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात कर सैन्य कार्रवाई टालने और बातचीत जारी रखने की अपील की।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की सुरक्षा में चूक, हेलिकॉप्टर के पास से उड़ी कमर्शियल फ्लाइट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आधिकारिक हेलिकॉप्टर मरीन वन की उड़ान के दौरान सुरक्षा में चूक हुई है। मंगलवार को व्हाइट हाउस से उड़ान भरते समय मरीन वन और एक यात्री विमान तय सुरक्षा दूरी से ज्यादा करीब आ गए। इसके बाद अमेरिकी विमानन नियामक एफएए ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। ट्रम्प व्हाइट हाउस से जॉइंट बेस एंड्रूज जा रहे थे। उसी समय एनवॉय एयर का एक यात्री विमान भी रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भर गया। एफएए की शुरूआती जांच में सामने आया है कि दोनों विमानों के बीच सबसे कम करीब 1.3 किलोमीटर की क्षैतिज दूरी और 700 फीट की ऊर्ध्वाधर दूरी रह गई।

### जंतर-मंतर प्रदर्शनकारियों के साथ राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में 10 जनपथ पर जंतर-मंतर प्रदर्शनकारियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा कि 20 जुलाई को हुए कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन के दौरान स्टूडेंट पर लाठी-पैलेट गन से हमला किया गया। राहुल अपने साथ चार प्रदर्शनकारी छात्र और छात्राओं को मीडिया के सामने लाए। एक छात्रा ने कहा- भारत माता की जय बोलने पर हमें देशद्रोही कहा गया। हम शांति से चल रहे थे तो एक पुलिस अफसर ने शरीर के ऊपरी हिस्से पर मारा। राहुल गांधी ने कहा- प्रदर्शनकारियों ने कुछ भी गलत नहीं किया। इनका लगातार शोषण हो रहा है। ये बच्चे देश के भविष्य के लिए लड़े। इन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं। लोकतंत्र के लिए ये बच्चे लड़े, इसके लिए इनका धन्यवाद।

### पाकिस्तान के 4 में से 2 सूबों में बागी तेवर सरकार की पकड़ कमजोर

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के चार सूबे हैं। इनमें से बलूचिस्तान सूबे में अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने विद्रोह का झंडा बुलंद किया हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा सूबे में अफगान तालिबान का दबदबा है। आए दिन तालिबान के हमलों से यहां पाक फौज के पांव उखड़ रहे हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा सूबा है। यह देश के करीब 45% हिस्से में फैला है और इसकी सीमा ईरान से लगती है। दूर-दूर तक रेगिस्तान और वीरान पहाड़ हैं। लेकिन इन दिनों इस वीराने में सबसे ज्यादा गूंज गोलियों की सुनाई देती है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाके अलग देश की मांग को लेकर लड़ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि बलूच लड़ाकों और पश्तून (पठान) विद्रोहियों का सूबे के करीब 70% हिस्से पर कब्जा है।

### मेटा ने पीएम मोदी का वीडियो डिलीट करने के लिए मांगी माफी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो डिलीट करने के लिए मेटा को आखिरकार माफी मांगने मजबूर होना पड़ा है। संसदीय समिति की तरफ से मेटा को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। वहीं मेटा ने 24 घंटे के अंदर माफी मांग ली है। मेटा के एक बड़े एग्जीक्यूटिव जोएल कपलान ने आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव से अपनी कंपनी की ओर से पीएम मोदी की पोस्ट पर रोक लगाने के लिए माफी मांगी। मेटा के चीफ ग्लोबल अफेयर्स ऑफिसर जोएल कपलान ने कहा, मैंने पीएम मोदी की पोस्ट पर रोक लगाने की गलती के लिए मेटा की ओर से मंत्री से माफी मांगी। भारत ने मंगलवार, 4 अगस्त को मेटा के शीर्ष अधिकारियों को समन भेजा था और 48 घंटे के अंदर दिल्ली आने के लिए कहा था। बता दें कि भारत मेटा का सबसे बड़ा मार्केट है।

### दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी शेख हसीना ने 2 साल बाद वर्चुअल भाषण दिया

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दो साल बाद बुधवार को लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। जब हसीना बोल रही थीं, उस दौरान उनका कैमरा बंद था। 25 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा- मुझे पता है कि वे मुझे जेल में डाल सकते हैं या मार भी सकते हैं, फिर भी मैं दिसंबर में बांग्लादेश वापस जाउंगी। लोगों का समर्थन मेरे लिए बहुत जरूरी है। मौत की सजा, झूठे मुकदमे और दिखावटी सुनवाई मुझे डरा नहीं सकती। मेरे खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई गैरकानूनी, असंवैधानिक और राजनीतिक मकसद से प्रेरित है।

## झारखंड में पीएससी समेत अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर छात्र रांच में आंदोलन

# प्रदर्शनकारी छात्र सरकार से बातचीत को तैयार

## शर्त रखी- सीएम मीडिया के सामने बात करें, 6 छात्रों का अनशन, अबतक 19 आरोपी गिरफ्तार



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची**

झारखंड में पीएससी समेत अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर छात्र रांच में आंदोलन कर रहे हैं। वे सरकार से बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने दो शर्तें रखी हैं। पहली, बातचीत सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हो। दूसरी, बैठक में कम से कम दो मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहें, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे।

### छात्र क्यों कर रहे हैं आंदोलन

2 जुलाई को झारखंड लोक सेवा आयोग ने 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया था। इसमें 2,204 उम्मीदवार मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए। इसके बाद 18 से 20 जुलाई के बीच मेंस परीक्षा होनी थी। रिजल्ट आने के बाद कई उम्मीदवारों ने गड़बड़ी के आरोप लगाए। उनका कहना था कि कट-ऑफ जारी नहीं की गई। इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक उम्मीदवार की कथित ओएमआर शीट वायरल हुई। दावा किया गया कि उसने सिर्फ 48 सवाल हल किए, फिर भी वह मेंस के लिए चुन लिया गया। वहीं, रिजल्ट पर आयोग के अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं होने को लेकर भी सवाल उठे। विवाद बढ़ने के बाद जेपीएससी ने मेंस परीक्षा रद्द कर दी।

### चार मंत्रियों की कमेटी बनाई

मुख्यमंत्री की वार्ता का संदेश लेकर एसडीओ कुमार रजत और एडीएम धनंजय कुमार बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे जयपाल सिंह स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने छात्रों को सीएम का संदेश दिया। सीएम ने छात्रों से बातचीत के लिए चार मंत्रियों की कमेटी बनाई। इसमें उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव को शामिल किया गया है।

छात्र नेता रविंद्र पासवान ने बताया कि बुधवार को एसडीओ सरकार का प्रस्ताव लेकर आए थे। उन्होंने छात्र प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के नाम मांगे हैं। इसके बाद बैठक की तारीख और समय तय किया जाएगा। हालांकि, छात्रों का आरोप है कि सरकार सिर्फ 5 सदस्यीय टीम बुलाकर आंदोलन को कमजोर करना चाहती है। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्रों का धरना 13वें दिन भी जारी है। देवेंद्र नाथ महतो समेत 6 छात्र आमरण अनशन पर हैं। वे सरकार से सीबीआई-ईडी से मामले की जांच कराने की मांग कर रहे हैं। उधर, सीआईडी ने 5 और आरोपियों को गिरफ्तार किया। अब तक 19 लोगों की गिरफ्तार हो चुकी है।

## प्रतापगढ़ में लगातार बारिश से 100 साल पुराना मकान ढहा

# परिवार के 6 लोगों की सोते वक्त मौत

## मां-बाप, बेटा-बहू, 2 बच्चे, मकान ढहा, कई फीट मलबे में दबे...चीख तक नहीं पाए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रतापगढ़**

प्रतापगढ़ में लगातार बारिश से 100 साल पुराना मकान ढह गया। हादसे में परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें माता-पिता, बेटा, छोटी बहू और उसके दोनों बच्चे हैं। 7 लोगों के परिवार में अब सिर्फ एक बेटा जिंदा बचा है।

बुधवार रात गर्मी-उमस थी, इसलिए परिवार के 7 लोग एसी वाले कमरे में सो रहे थे। रात 2 बजे जब पूरा परिवार गहरी नींद में था, तभी अचानक कमरे की छत ढह गई। किसी को संभलने या मदद के लिए चीखने तक का मौका नहीं मिला।

पूरा परिवार कई फीट मलबे में दब गया। एक बेटा कमरे के किनारे सो रहा था। वह जैसे-तैसे मलबे से बाहर निकला। बाहर निकलकर चिल्लाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस और दमकल को सूचना दी। दो घंटे तक रेस्क्यू चलाकर मलबे से पूरे परिवार को निकाला।



अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मलबे में दम घुटने से सभी की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में मकान मालिक प्रमोद श्रीवास्तव (60), उनकी पत्नी रीता (55), छोटा बेटा नितिन (25), बड़ी बहू माधुरी (23) और माधुरी के दो बेटे माधव (2) और अद्विक (10 माह) की मौत हो गई। बड़ा बेटे अमन (28) हादसे में बच पाया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली मोहल्ले में हुआ।

### पुश्तैनी मकान में रहता था परिवार, हाल में 75 लाख में जमीन बेची थी

प्रमोद श्रीवास्तव दो भाइयों में बड़े थे। छोटे भाई पवन ने अलग मकान बनवा रखा है। वे प्रतापगढ़ कचहरी परिसर में चाय की दुकान चलाते हैं। प्रमोद पुश्तैनी मकान में रहते थे और रिक्शा चलाकर परिवार पालते थे। उनकी पत्नी गृहिणी थीं। कुछ समय पहले दोनों भाइयों ने अपनी पैतृक जमीन करीब 75 लाख रुपए में बेची थी। प्रमोद का मकान 1,300 वर्गफीट में बना था। इसमें दो कमरे, रसोई, शौचालय और बाथरूम थे। पूरे घर के चारों ओर बाउंड्रीवाल थी। तीन साल पहले मकान की पहली मंजिल की दीवारें खड़ी की गई थीं। आर्थिक तंगी के कारण उस पर लिंटर नहीं डल सका था। परिवार अब लिंटर डलवाने की तैयारी कर रहा था। प्रमोद के छोटे बेटे नितिन की अभी शादी नहीं हुई थी।

## एमपी में बसों की यात्रा हुई महंगी, किराया बढ़ा

# 2 रुपये प्रति किमी, रात को 10 प्रतिशत अतिरिक्त चुकाना होगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

एमपी सरकार ने यात्री बसों के किराए में बढ़ोत्तरी कर दिया है। सामान्य मिनी बसों का अधिकतम किराया 2 रुपए प्रति किलोमीटर तय कर दिया है। किराया बढ़ोतरी को लेकर बस ऑपरेटरों ने 7 अगस्त से हड़ताल का ऐलान किया था. इससे पहले राज्य सरकार यात्री बसों की नई किराया सूची जारी कर दी है। बस ऑपरेटर की मांग को देखते हुए परिवहन विभाग ने यात्री बस किराए को लेकर नई अधिसूचना जारी की है। यह नई दरें 5 अगस्त 2026 से प्रभावी हो गई है। अतिरिक्त रात्रि किराया डीलक्स नॉन एसी स्लीपर, डीलक्स एसी बस और सुपर लग्जरी कोच के किरायों पर चार्जेबल नहीं होगा. एक्सप्रेस बस सेवाओं के लिए कोई अतिरिक्त प्रभार नहीं किया जाएगा।

### यात्री बसों का नया किराया

- **वाहन का प्रकार-** अधिकतम यात्री किराया
- **सामान्य मंजिली बस-** 2 रुपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर या न्यूनतम 10 रुपए
- **रात्रि बस सेवा-** सिटी बस छोड़कर सामान्य मंजिली गाड़ी के किराए से 10प्रतिशत अधिक
- **डीलक्स बस (नॉन एसी)-** सामान्य मंजिली गाड़ी के किराए से 25 प्रतिशत अधिक
- **स्लीपर-** सामान्य मंजिली गाड़ी के किराए से 40 प्रतिशत अधिक
- **डीलक्स बस (एसी)-** सामान्य मंजिली गाड़ी के किराए से 50 प्रतिशत अधिक
- **सुपर लग्जरी कोच (एसी)-** सामान्य मंजिली गाड़ी के किराए से 75 प्रतिशत अधिक

# बांग्लादेश में क्रिकेटर शाकिब अल-हसन के घर पर हमला

## पत्थर-पेट्रोल बम फेंके, शेख हसीना के इवेंट में शामिल होने से कट्टरपंथी नाराज थे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका**

बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर और अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब अल हसन के मगुरा शहर में बने घर पर हमला हुआ है। यह घटना पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाकिब के शामिल होने के कुछ घंटों बाद हुई।

शाकिब के घर पर हमला रात 8.45 से 9 बजे के बीच हुआ। मगुरा सदर पुलिस के अफसर मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि कुछ उपद्रवियों ने पत्थर फेंके और खिड़कियां तोड़ दीं।

हमलावरों ने घर में आग लगाने की कोशिश की। दावा किया जा रहा है कि इसके लिए हमलावर कोल्डड्रिंक की बोतलों में पेट्रोल भरकर लाए थे। हमले के वक्त घर खाली था, इसलिए किसी के घायल होने की खबर नहीं है। शाकिब इस वक्त श्रीलंका में हैं। घटना के बाद पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दो साल बाद बुधवार शाम करीब 6.45 बजे को लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। जब हसीना बोल रही थीं, उस दौरान उनका कैमरा बंद था।

# एलईटी आतंकी लतीफ भट पर 15 लाख का इनाम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीनगर**

काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने वांछित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी लतीफ अहमद भट की गिरफ्तारी के लिए श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में पोस्टर लगाए हैं। एजेंसी ने उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने पर 15 लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा की है। सीआईके की ओर से लगाए गए पोस्टरों में लोगों से अपील की गई है कि यदि लतीफ अहमद भट के बारे में कोई विश्वसनीय जानकारी हो तो उसे सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करें। सुरक्षा एजेंसियों ने उसकी तलाश तेज कर दी है।

## अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के कैसवेल काउंटी में

# सामूहिक गोलीबारी में कई लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नॉर्थ केरोलिना**

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के कैसवेल काउंटी में एक घर में हुई सामूहिक गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में संदिग्ध हमलावर भी शामिल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के कैसवेल काउंटी में बुधवार सुबह एक घर में हुई अंधाधुंध गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस और जांच एजेंसियां मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हैं।

- **घर के अंदर मिले कई लोग गोली से घायल-** नॉर्थ कैरोलिना स्टेट ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 8 बजे (स्थानीय समय) पुलिस को एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और शेरिफ कार्यालय की टीम मौके पर पहुंची। वहां कई लोग गोली लगने से घायल मिले। घायलों में से एक व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि कई अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।
- **शुरूआती जांच में पारिवारिक विवाद की आशंका-** स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कैसवेल काउंटी के शेरिफ टोनी डर्डन ने बताया कि मृतकों में एक संदिग्ध हमलावर भी शामिल है। कुल तीन परिवार के सदस्यों की मौत हुई है, जबकि एक अन्य रिश्तेदार घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। हालांकि, गोलीबारी की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है।
- **अमेरिका में लगातार बढ़ रही गोलीबारी की घटनाएं-** अमेरिका में बंदूक हिंसा लंबे समय से गंभीर समस्या बनी हुई है। हर साल देश में सैकड़ों सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है।

### हाल के दिनों में भी कई ऐसी घटनाएं हुई हैं

**2 अगस्त:** ओरेगन के पोर्टलैंड में एक रिहायशी इलाके में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में एक किशोर भी शामिल था।

**1 अगस्त:** इडाहो के ट्विन फॉल्स शहर स्थित एक इन-एन-आउट बर्गर रेस्तरां में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए।

इन लगातार हो रही घटनाओं ने अमेरिका में बंदूक नियंत्रण कानूनों और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर बहस को फिर तेज कर दिया है। फिलहाल, पुलिस घटनास्थल से सबूत जुटा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

## चारद्वार साइकिल यात्रा- 2026 को लेकर उत्साह चरम पर

# 9 अगस्त को 118 किलोमीटर की ऐतिहासिक यात्रा होगी आयोजित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और उज्जैन की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से आयोजित की जा रही चारद्वार साइकिल यात्रा-2026 को लेकर शहर में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों से इस आयोजन को व्यापक समर्थन मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होने के लिए पंजीयन करा रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार यह आयोजन केवल एक साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहभागिता का जनआंदोलन है। यात्रा का मुख्य संदेश आपका मेरा सपना, साइकिल शहर हो अपना तथा साइकिल अपनाइए, पर्यावरण बचाइए है। इसके माध्यम से लोगों को दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे प्रदूषण कम हो और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिले।

चारद्वार साइकिल यात्रा का आयोजन 9 अगस्त 2026 (रविवार) को किया जाएगा। लगभग 118 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में प्रतिभागी उज्जैन के चारों पवित्र द्वारों की परिक्रमा करेंगे। यात्रा का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से लोगों को जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।



- आयोजकों ने शहरवासियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, खेल प्रेमियों तथा साइकिलिंग समूहों से इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सामूहिक भागीदारी से ही उज्जैन को स्वच्छ, स्वस्थ और साइकिल-अनुकूल शहर बनाने का संकल्प साकार हो सकेगा।
- आयोजन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आयोजकों ने बताया कि पंजीयन लिंक उनके आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बायो में उपलब्ध है।

# एनआरआई युवती से रेप की कोशिश करने वाला डीजे संचालक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लुधियाना**

लुधियाना के फाइव स्टार होटल रेडीसन ब्लू में एनआरआई युवती से रेप की कोशिश के मामले में नया खुलासा हुआ है। युवती के मुताबिक आरोपी कोई पंडित नहीं, बल्कि डीजे संचालक है, जिसका नाम राहुल सूद है। उसने युवती की मां को बताया था कि उसे साईं बाबा की चौकी आती है और वो सभी कष्ट दूर कर देता है।

इसी भरोसे पर युवती चंडीगढ़ से मां के साथ अपने भाई की परेशानियों का अंत करने के लिए लुधियाना आई। भाई भी साथ में मौजूद था। उन्होंने रेडीसन ब्लू में कमरा लिया। राहुल सूद पूजा करने के बहाने वहां गया। युवती का आरोप है कि राहुल ने पहले उसकी मां को प्रसाद दिया और वो खाकर बेहोश हो गई। इसके बाद उसने छोटे भाई को कमरे से बाहर भेजा और पूजा के बजाय उसके निर्वस्त्र कर प्राइवेट पार्ट को छेड़ता रहा रहा और रेप की कोशिश करने लगा। युवती का आरोप है कि 4 अगस्त को रात साढ़े 11 बजे एफआईआर दर्ज करवाने के बाद अब आरोपी की पत्नी उन्हें धमकी दे रही है, जिसकी वजह से उसकी मां डिप्रेशन में आ गई है।



## हजारी हनुमान मंदिर में 13 से सवा ग्यारह लाख पार्थिव पूजन, देशभर से जुटेंगे संत

**उज्जैन।** मक्सी रोड पवासा स्थित श्री हजारी हनुमान मंदिर में सावन मास के तहत 13 से 19 अगस्त तक सवा ग्यारह लाख चिंतामणी पार्थिव शिवलिंग पूजन और रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान की शुरूआत 12 अगस्त को शाम 4 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। श्री हजारी हनुमान मंदिर पवासा के श्री श्री 1008 महंत काशीदास जी त्यागी ने बताया कि यह विशाल धार्मिक आयोजन श्री श्री 1008 महंत जगदीश्वरदास जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दाऊजी मंदिर डाकोर गुजरात और संकटमोचन विजय हनुमान टेकरी तपोवन मलाड़ मुंबई के परमाध्यक्ष जगद्गुरु टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री माधवाचार्यजी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न होगा। मंदिर परिसर में 13 से 19 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का क्रम जारी रहेगा। आयोजन में शामिल होने के लिए देशभर से संत, महात्मा, जगद्गुरु, आचार्य और महामंडलेश्वर उज्जैन आएंगे। इनके साथ ही तीनों अणी अखाड़ों, रामानंदाचार्य पीठ और सभी खालसों के श्री महंत, त्यागी और तपस्वी भी अनुष्ठान में मौजूद रहेंगे। देश भर से आने वाले सभी संतों का स्वागत श्री 108 महंत परमेश्वरदास जी त्यागी करेंगे।

## गीता यादव श्री कृष्णा यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव नियुक्त

**उज्जैन।** शहर की गीता यादव को श्री कृष्णा यादव महासभा के मध्य प्रदेश महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की स्वीकृति के बाद तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। यह नियुक्ति दिल्ली सरकार के ओबीसी आयोग के पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अधिवक्ता हेमंत यादव, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष निशा यादव और राष्ट्रीय सचिव सविता यादव की अनुशंसा पर की गई है। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हेमंत यादव ने गीता यादव को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया है कि गीता यादव अपने दायित्वों का निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगी। उनके नेतृत्व से महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा के क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। महासभा के सभी पदाधिकारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## घनश्याम मीणा नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त

**उज्जैन।** उज्जैन के घनश्याम मीणा को नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन इंडिया का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा द्वारा सौंपा गया है। घनश्याम मीणा का यह कार्यकाल 14 जुलाई 2026 से 14 जुलाई 2027 तक रहेगा। उन्हें समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, उत्पीड़न, शोषण, आतंकवाद और मानवाधिकार हनन जैसी घटनाओं पर कड़ी नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। वे इन मामलों से शासन-प्रशासन को अवगत कराते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करेंगे। साथ ही जनसमस्या निराकरण की प्रगति रिपोर्ट दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय को प्रेषित करेंगे। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की सूचना प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और थाना अध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है। उल्लेखनीय है कि यह संस्था महिला शोषण, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ मुहिम चलाने का कार्य करती है।

## शोषण होने पर डरें नहीं बल्कि खुलकर करें शिकायत, जागरूकता ही बचाव है

**उज्जैन।** बच्चों की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार के शारीरिक, मानसिक या यौन शोषण की स्थिति में बच्चे डरें नहीं, बल्कि बिना भय के अपने माता-पिता, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। जागरूकता ही अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह बात न्यायाधीश पंकज गोंडू भालेराव ने शासकीय हाई स्कूल देवास गेट पटेल नगर में आयोजित बाल सुरक्षा संवाद 2026 में विद्यार्थियों से कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और अवनिश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, बाल अधिकार, साइबर अपराध और गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक किया गया।

## महाकाल की सवारी में नारी शक्ति झांझ मंडली ने लहराया परचम

**उज्जैन।** महाकाल की प्रथम सवारी में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली की बालिकाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। 45 बालिकाओं की इस टीम ने प्राचीन वेशभूषा धारण कर झांझ वादन के जरिए सनातन धर्म के संस्कारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पिछले 15 वर्षों से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत यह टीम सिर्फ उज्जैन में ही नहीं, बल्कि रतलाम, देवास, उन्हेल, राजगढ़ और राजस्थान के भीलवाड़ा, भिलाड़ा व बूंदी जैसे शहरों में भी अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। कोच पूजा के नेतृत्व में बालिकाओं को लाठी, तलवार, कराटे और मिक्स मार्शल आर्ट का यह विशेष प्रशिक्षण एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति बाल शारदा ध्यान शाला समिति के माध्यम से सिखाया जाता है, ताकि बेटियां सामान्य कामकाज के साथ अपनी रक्षा स्वयं कर सकें। सवारी के दौरान तेलीवाड़ा चौराहा स्थित भेरू महाराज मंदिर पर चैतन्य भैरव मित्र मंडली के राकेश तिवारी, बसंत परिहार और दारा सिंह राणा सहित पूरी मित्र मंडली ने टीम का उत्साहवर्धन किया।

# उज्जैन के खिलाड़ियों ने जीते 29 पदक, सीहोर में आयोजित स्पर्धा में 15 खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण, 11 रजत व 7 कांस्य पदकों पर जमाया कब्जा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सीहोर के चंद्रशेखर आजाद शासकीय महाविद्यालय में 2 अगस्त को आयोजित शौर्य प्रीमियर ओपन स्टेट कराते चैंपियनशिप-2026 में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। शी गो शो वा काई कराते एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में उज्जैन जिला आत्मरक्षा कराते संघ के 15 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 11 स्वर्ण, 11 रजत और 7 कांस्य सहित कुल 29 पदक जीते और जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग में यशराज सिंह शाक्य ने कुमीते में स्वर्ण पदक जीता। प्रक्रीत ठाकुर ने काता में स्वर्ण व कुमीते में रजत, वेदांश सोनी ने काता में स्वर्ण व कुमीते में रजत, द्विजराज शर्मा ने काता में रजत व कुमीते में कांस्य तथा मंत्र सोनी ने कुमीते में रजत व काता में कांस्य पदक हासिल किया। कैडेट बालक वर्ग में शुभम सिंह ने कुमीते में स्वर्ण व काता में रजत तथा मानस सोनी ने काता में स्वर्ण व कुमीते में कांस्य पदक जीता।



### विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सब जूनियर बालिका वर्ग में यशस्वी यादव ने काता और कुमीते दोनों में स्वर्ण पदक जीते। हषार्ली त्रिवेदी ने कुमीते में स्वर्ण व काता में रजत, यशस्वी शाक्य ने काता में स्वर्ण व कुमीते में रजत, मिष्ठी प्रजापत ने काता में रजत व कुमीते में कांस्य तथा ज़िया खान ने कुमीते में रजत व काता में कांस्य पदक प्राप्त किया। कैडेट बालिका वर्ग में मितांशी यादव ने काता व कुमीते दोनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में दिव्या पंथी ने कुमीते में स्वर्ण व काता में रजत तथा रिदा अली ने कुमीते में रजत व काता में कांस्य पदक अपने नाम किया।

# जागरूकता कार्यक्रम- स्थानीय संसाधनों और नवीन तकनीकों से उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनें युवा

### सम्राट विक्रमादित्य विवि और एमएसएमई का उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, विशेषज्ञों ने दी स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के एमएसएमई इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर और भारत सरकार के एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय इंदौर के सहयोग से मंगलवार को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और नवोदित उद्यमियों को उद्यमिता के प्रति जागरूक कर केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न स्वरोजगार व उद्योग प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देना था।

कुलगुरु अर्पण भारद्वाज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम के अपर आयुक्त संतोष कुमार टैगोर थे तथा अध्यक्षता प्रभारी कुलगुरु शैलेन्द्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि संतोष कुमार टैगोर ने कहा कि युवा उद्यमी देश की आर्थिक प्रगति का आधार हैं। उन्होंने युवाओं को स्थानीय संसाधनों, नवीन तकनीकों और नवाचार पर आधारित उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। एमआईआईसी के निदेशक उमेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से नौकरी खोजने के बजाय रोजगार सृजित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रभारी कुलगुरु शैलेन्द्र शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नवाचार और उद्यमिता आधारित शिक्षा पर विशेष बल देती है। विश्वविद्यालय युवाओं में स्टार्टअप संस्कृति विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के प्रारंभ में एमआईआईसी के नोडल अधिकारी लोकेश लद्धानी और शेखर दिसावल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। तकनीकी सत्रों में मिली योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रथम तकनीकी सत्र में एमएसएमई इंदौर के सहायक निदेशक निलेश त्रिवेदी ने उद्यम पंजीयन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जेड प्रमाणन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बाजार अध्ययन और वित्तीय अनुशासन का महत्व बताया। द्वितीय सत्र में सहायक निदेशक एस. मोनिका ने सफल उद्यमी बनने के लिए आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, प्रभावी संवाद कौशल, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच को अत्यंत आवश्यक बताया।

तृतीय सत्र में एमएसएमई विशेषज्ञ वेंकटचलम ने व्यवसायिक विचार से लेकर सफल उद्योग स्थापना तक की संपूर्ण प्रक्रिया, परियोजना प्रतिवेदन, वित्तीय योजना, ब्रांडिंग और ग्राहक प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# 18 किमी के पंचकोशी मार्ग पर 9 अगस्त को निकलेगी चारद्वार साइकिल यात्रा

### प्रथम पुरस्कार में मिलेगी साइकिल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शहर की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना को समर्पित 'चारद्वार साइकिल यात्रा-2026' का आयोजन रविवार, 9 अगस्त को सुबह 6:30 बजे से होगा। सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा लगातार छठे वर्ष आयोजित की जा रही इस यात्रा का शुभारंभ आगर रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर से किया जाएगा। यात्रा में उज्जैन सहित आसपास के जिलों के साइकिल प्रेमी हिस्सा लेंगे।

श्रावण मास में आयोजित इस यात्रा में अध्यात्म और एडवेंचर का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रतिभागी 118 किलोमीटर लंबे पंचकोशी मार्ग का सफर तय करते हुए उज्जैन के चारों पवित्र द्वारों पर शिव रूप में मौजूद द्वारपालों के दर्शन करेंगे। इनमें पूर्व द्वार पर पिंगलेश्वर महादेव, दक्षिण द्वार पर कायावरोहणेश्वर महादेव, पश्चिम द्वार पर बिल्केश्वर महादेव और उत्तर द्वार पर दुदुर्रेश्वर महादेव शामिल हैं।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 150 प्रतिभागियों को मिलेगी टी-शर्ट**

सोसायटी के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर और सचिव विवेक मेश्राम ने बताया कि प्रतिभागियों की सुविधा के लिए मार्ग में मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस, साइकिल रिपेयरिंग, बैकअप वाहन, विश्राम स्थल और भोजन की व्यवस्था रहेगी। प्रथम 150 प्रतिभागियों को निःशुल्क टी-शर्ट, प्रमाण-पत्र और परिचय-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में साइकिल दी जाएगी। इसके अलावा बेस्ट अनुशासन, बेस्ट फोटो, बेस्ट रील, बेस्ट यात्रा अनुभव और क्विज प्रतियोगिता की श्रेणियों में भी आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

# क्षिप्रा का जल लेकर विदिशा के लिए दौड़े 350 डाक कांवड़िए

### उज्जैन से पहली बार निकली डाक कांवड़ यात्रा, कृषि उपज मंडी में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

धर्मनगरी में पहली बार डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन हुआ। विदिशा जिले के ग्राम बिछिया से आए लगभग 350 श्रद्धालु मोक्षदायिनी क्षिप्रा का पवित्र जल लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। ये कांवड़िए लगातार दौड़ते हुए करीब 20 घंटे की कठिन यात्रा तय कर ग्राम बिछिया पहुंचेंगे। इस अदम्य संकल्प वाली यात्रा को देखते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में यात्रियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गईं।

वरिष्ठ समाजसेवी दादा नारायण यादव ने डाक कांवड़ यात्रियों के उज्जैन आगमन पर उनके बीच पहुंचकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराईं। उनके मार्गदर्शन में आरोग्य भारती उज्जैन की टीम ने मंडी प्रांगण में सभी 350 से अधिक यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। व्यापारी संघ द्वारा भी यात्रियों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गईं।

### इनका रहा विशेष सहयोग

इस सेवा कार्य में अनाज व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र जी अग्रवाल, सचिव हजारीलाल मालवीय, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, विजय कोठारी और राजेंद्र राठौर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य सेवा में आरोग्य भारती मालवा प्रांत के सहसचिव डॉ. दिवाकर पटेल, महानगर उज्जैन सचिव मनीष अग्रवाल, वन औषधि प्रमुख डॉ. दीपक जोशी और ग्रामीण टोली के सदस्य एम.डी. अहिरवार सहित अन्य कार्यकताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

आरोग्य भारती के ग्रामीण अध्यक्ष एस.पी. अहिरवार ने बताया कि डाक कांवड़ यात्रियों की इस कठिन यात्रा में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना संस्था के लिए सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को साकार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था।

## श्याम श्रावण महोत्सव में आज सजेगी भजन संध्या

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पिपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन एवं विश्व के एकमात्र अष्ट चिरंजीवी मंदिर बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी में गुरुवार, 6 अगस्त को भजन संध्या और विशेष तबला वादन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन ज्योतिषाचार्य एवं पंचांगकर्ता पं. श्यामनारायण व्यास की पावन स्मृति में चल रहे श्री श्याम श्रावण महोत्सव के अंतर्गत रात 8 बजे से होगा।

आयोजक ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि मंदिर परिसर में आयोजित इस संगीतमय संध्या में संस्था नाद कीर्तन के निदेशक और ख्यातनाम तबला वादक शैलेन्द्र भट्ट अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ संगीत निदेशक अजय मेहता भी कार्यक्रम में संगीत की स्वर लहरियां बिखेरेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्रह्मलीन पं. व्यास की स्मृतियों को संगीत और भक्ति के सुरों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

उल्लेखनीय है कि श्री श्याम श्रावण महोत्सव के तहत पूरे सावन महीने में धार्मिक, सांस्कृतिक और संगीत से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गुरुवार शाम होने वाला भजन, तबला वादन और शास्त्रीय संगीत का यह संगम श्रद्धालुओं और संगीतप्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजकों ने शहर के धर्म और संगीत प्रेमियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आनंद लेने का आग्रह किया है।

# प्रेमचंद जयंती पर कालिदास अकादमी में 'बड़े भाईसाहब' का मार्मिक मंचन



### विक्रम विवि के कुलानुशासक डॉ. शर्मा बोले- प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज की आत्मा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में उनकी कालजयी कहानी ह्यबड़े भाईसाहबह्न पर आधारित नाटक का सफल मंचन किया गया। संस्कार भारती उज्जैन महानगर और प्रेमचंद सृजनपीठ, साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, अनुशासन और भाई-भाई के स्नेह जैसे जीवन मूल्यों को कलाकारों ने मंच पर जीवंत किया। यह प्रस्तुति भरत भूमि नाट्य संस्कृति संस्थान उज्जैन द्वारा दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज की आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है। उनकी रचनाएं आज भी सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। संस्कार भारती की अध्यक्ष माया बदेका ने अतिथियों का स्वागत किया।

नाटक में कलाकारों के सहज अभिनय और संवाद अदायगी ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

# गादीपति ने धर्म ध्वजा सौंपकर किया 84 महादेव यात्रा का शुभारंभ

### विगत 12 वर्षों से दोपहिया वाहनों पर निकल रही यात्रा, अगस्तेश्वर महादेव के दर्शन के बाद निकले यात्रा पर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**





श्रावण मास के पवित्र अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर के गादीपति एवं मुख्य पुजारी श्री विनीत गिरी जी महाराज ने धर्म ध्वजा थमाकर 84 महादेव, नवनारायण और सप्तसागर दर्शन पूजन यात्रा का शुभारंभ किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला के नेतृत्व में यह यात्रा विगत 12 वर्षों से निकाली जा रही है। यात्रा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने 84 महादेव श्रृंखला के प्रथम श्री अगस्तेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन कर धर्म लाभ लिया।

यात्रा संयोजक बहादुर सिंह बोरमुंडला को धर्म ध्वजा सौंपते हुए श्री विनीत गिरी जी महाराज ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि महाकाल वन क्षेत्र में निवास करते हैं। पवित्र श्रावण मास में 84 महादेव के दर्शन और पूजन से श्रद्धालुओं को स्वगारोहण की प्राप्ति होती है। अगस्तेश्वर महादेव के दर्शन के पश्चात यात्रा उज्जैन शहर के विभिन्न 84 महादेव मंदिरों में पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने अभिषेक एवं पूजन किया। सभी यात्रियों का दोपहर का भोजन खाक चौक स्थित वैदेही गार्डन में संपन्न हुआ, जिसके बाद श्रद्धालु पुनः आगे की दर्शन यात्रा पर निकल पड़े।

इस धार्मिक यात्रा की विशेषता यह है कि श्रद्धालु स्वयं के दोपहिया वाहनों से इसमें शामिल होते हैं। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति भी पूर्ण उत्साह के साथ सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करती है। यात्रा समिति के सदस्य कैलाश बोड़ाना ने बताया कि दूसरे दिन की यात्रा जैथल स्थित श्री दुरदुरेश्वर महादेव के दर्शन पूजन से प्रारंभ होगी। इसके बाद यात्रा पिंगलेश्वर, करोहन और अंबोदिया होते हुए पुनः उज्जैन शहर में प्रवेश करेगी।

### सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए

यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मदन सांखला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर देवड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर अमरपुरा, उन्हेल नगर पंचायत अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा, उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतर सिंह देवड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी, जनपद सदस्य राम सिंह सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह पटेल खोरिया, मांगीलाल मोरी, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री सुमेर सिंह कालूहेड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर शर्मा, विक्रम सिंह पटेल और सरपंच भगवान टंकारिया सहित सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए।

उज्जैन
गुरुवार
06
अगस्त, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

पूर्णे तटाके तृषितः सदैव भूतेऽपि गेहे क्षुधितः स मूढः।
कल्पद्रुमे सत्यपि वै दरिद्रः गुर्वादियोगेऽपि हि यः प्रमादी॥

**अर्थः** जो इन्सान गुरु मिलने के बावजुद प्रमादी रहे, वह मूर्ख पानी से भरे हुए सरोवर के पास होते हुए भी प्यासा, घर में अनाज होते हुए भी भूखा, और कल्पवृक्ष के पास रहते हुए भी दरिद्र है।

## खबर एक नजर...

### जनसुनवाई में आई शिकायत पर बड़ी कार्रवाई

**इंदौर।** जनसुनवाई में मिली शिकायत पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भूमि संसाधन प्रबंधन शाखा में पदस्थ क्लर्क (चेनमैन) कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। 4 अगस्त की जनसुनवाई में मिली शिकायत में आरोप लगाया गया कि कैलाश पालीवाल ने शिकायतकर्ता से प्लॉट दिलाने के नाम पर लगभग 20 लाख रुपए का सौदा किया तथा विभिन्न तारिखों में 17 लाख रुपए प्राप्त करने के बावजूद प्लॉट उपलब्ध नहीं कराया। शिकायतकर्ता द्वारा इस संबंध में वीडियो रिकॉर्डिंग सहित शिकायत की थी। मामले को गंभीर मानते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए है। जांच के लिए जिला स्तरीय जांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और तहसीलदार, भू-संसाधन प्रबंधन इंदौर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी बनाया गया है।

### अतिक्रमण रोकने गए नाकेदार पर फिर हमला, 17 दिन में दूसरी घटना

**इंदौर।** चोरल रेंज के ग्राम रसकुंडिया में अतिक्रमण रोकने गए वन विभाग के नाकेदार पर अतिक्रमणकारी ने हमला कर दिया। 17 दिन में वन कर्मियों पर हमले की यह दूसरी घटना है। लोगों द्वारा वन भूमि पर झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा था। नाकेदार इसे रोकने गए तो उनसे मारपीट की गई। रेंजर सचिन वर्मा के मुताबिक नाकेदार दीवान बारिया की शिकायत पर अनोखीलाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अनोखीलाल द्वारा रसकुंडिया में झोपड़ी बनाकर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। नाकेदार बारिया ने अतिक्रमण करने से मना किया था। मंगलवार रात किराना दुकान पर दोनों आमने-सामने हुए तो अनोखीलाल ने अपशब्द कहे और मारपीट कर दी। इंदौर, महू, मानपुर, चोरल रेंज में कुल 500 हेक्टेयर जमीनों पर कब्जे हैं। इन्हें मुक्त कराने वन विभाग ने जिला प्रशासन के समीप आवेदन कर रखे हैं। कई लोगों ने पट्टे के लिए भी आवेदन लगा रखे हैं। वन विभाग ने विगत 19 जुलाई को चोरल रेंज में 5 हेक्टेयर जमीन कब्जे से मुक्त कराई थी। इस दौरान अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया था। एक जवान घायल हो गया था। 10 हेक्टेयर जमीन को मुक्त कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। 15 हेक्टेयर जमीन खाली होने के बाद यहां पर सघन पौधारोपण किया जाएगा। जमीन की तारफेंसिंग की जाएगी। साथ ही 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी।

### शेयर में निवेश के नाम पर सवा करोड़ ठगे, दंपती फरार

**इंदौर।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर दंपती ने लोगों से सवा करोड़ की धोखाधड़ी की और फरार हो गए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने बताया, आरोपियों के नाम नितिन जोशी और परागिता जोशी निवासी खातीवाला टैंक हैं। इनके खिलाफ अचिरा सान्याल निवासी पत्रकार कॉलोनी और पंडित जयकिरण शर्मा ने की है। अचिरा ने बताया आरोपी नितिन और उसी पी परागिता से वर्ष 2022 में शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का बोलकर 88 लाख रुपए का निवेश करवाए। फिर 53.30 लाख रुपए लौटा दिए कि ये मुनाफा है। शेष राशि सुरक्षित है, लेकिन दो साल बाद जब राशि वापस मांगी तो फोन बंद कर लिया। इसी तरह जयकिरण शर्मा से 75 लाख रुपए ठग लिए।

### सील क्लिनिक में मिलीं लूज गोलियां, लैब भेजेंगे

**इंदौर।** खंडवा रोड की जोशी कॉलोनी में बिना डिग्री के चल रहे न्यू प्रियंका क्लिनिक में स्वास्थ्य विभाग को बड़ी मात्रा लूज (बिना पैकिंग) गोलियां मिली हैं। ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में क्लिनिक की सील खुलवाकर सभी दवाइयों को जब्त कर उनकी लैब में जांच करवाई जाएगी। दरअसल, मंगलवार को ?क्लिनिक सील किया गया था। जांच में सामने आया था कि न्यू प्रियंका क्लिनिक का संचालन तपस रॉय द्वारा बिना डिग्री और बिना वैध पंजीयन के किया जा रहा था। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने तेजाजी नगर थाना पुलिस की मौजूदगी में क्लिनिक को सील कर दिया था।

### टेंडर घोटालाः 12 फर्मों को अपात्र बताया, 5 को पात्र बता ओटीपी से दिलवाया ई-टेंडर

**इंदौर।** प्रदेशभर में 39 स्कूलों व 8 होस्टल (छात्रावासों) के लिए जिला शिक्षा केंद्र के स्मार्ट क्लास रूम के लिए इंटरएक्टिव पैनल खरीदने को लेकर हुए घोटाले में चौंकाने वाली जानकारियां पता चली हैं। बताते हैं घोटाले में फंसे जिला शिक्षा केंद्र के प्रोग्रामर तेज कुमार जाटव और इनोवेक्टर सॉल्यूशंस के संचालक विक्रांत गुप्ता ने टेंडर प्रक्रिया शुरू होने के पहले सांठगांठ कर ली थी। 17 फर्मों में से 12 को अपात्र बताकर बाहर किया। 5 को पात्र दर्शाकर आरोपी विक्रांत की फर्म को टेंडर दिलवा दिया। जांच कर रहे साइबर सेल एसआई आनंद वसूनिया ने बताया आरोपी जाटव की जेम आईडी से ये पूरा फ्रॉड हुआ है। उसने अपनी लॉगइन जानकारी और ओटीपी भी विक्रांत को उपलब्ध करवाई। जाटव को शिक्षा विभाग के डीपीसी संजय मिश्रा ने फजीर्वाड़ा करने के बाद पकड़ लिया था, लेकिन टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर वे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक्शन नहीं ले पा रहे थे। साइबर सेल ने आरोपियों की कॉल डीटेल खंगाली तो पता चला ये टेंडर प्रक्रिया शुरू किए जाने से पहले ही संपर्क में रहे हैं।

# इंदौर में ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाईः एमवाय के बर्खास्त फार्मासिस्ट के पास मिली 10 करोड़ रुपए की संपत्ति

## कुल वैध आय 1 करोड़ 11 लाख 31 हजार 383 रुपए रही, इसी अवधि में उसने बाजार भाव से 8 से 10 करोड़ की संपत्ति खरीदी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एमवाय अस्पताल से बर्खास्त फार्मासिस्ट राकेश गोरखे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्लयू) ने बुधवार को छापा मारा। सुबह 6 बजे टीम उसके घर (वृंदावन गार्डन, स्कीम नंबर-140) पहुंची थी। डोरबेल बजाने पर राकेश ने ही दरवाजा खोला। ईओडब्ल्यू लिखी जैकेट पहने टीम दिखी तो वह समझ नहीं पाया कि इतने लोग क्यों आए हैं। उसे बताया गया कि आय से अधिक संपत्ति के आरोप में सर्च वारंट है। राकेश ने वारंट लिया और पहले पूरा पढ़ा। फिर टीम के सदस्यों से कहा कि आपको बहुत गलत जानकारी है। मैं तो सीधी-सादी नौकरी करता हूं।

मेरे पास कुछ भी अवैध नहीं है। टीम ने घर में जांच शुरू की। शहर की लक्जरी टाउनशिप में जहां रईसों ने निवेश कर रखा है, वहां गोरखे के भी



प्लॉट मिले। ईओडबल्यू एसपी रामेश्वर सिंह के निर्देशन में पूरी कार्रवाई की गई। डीएसपी प्रीतम सिंह के मुताबिक, राकेश की कुल वैध आय 1 करोड़ 11 लाख 31 हजार 383 रुपए रही। इसी अवधि में उसने बाजार भाव से 8 से 10 करोड़ की संपत्ति खरीदी। गोरखे पर आरोप है कि सरकारी दवाओं के स्टॉक में भ्रष्टाचार कर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की गई।

### ईओडब्ल्यू टीम से बोला-आपको गलत जानकारी, मैं तो सीधी-सादी नौकरी करता हूं

क्या है चैक पीरियड-जांच एजेंसियां (सीबीआई, ईओडब्ल्यू या पुलिस) किसी खास तारीख से दूसरी तारीख तक व्यक्ति की कुल कमाई और खर्च या निवेश का पूरा हिसाब लगाती हैं। इस अवधि को चैक पीरियड कहते हैं। यदि इस तय अवधि में खर्च और बनाई गई संपत्ति आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक पाई जाती है, तो उसे अवैध या अनुपातहीन संपत्ति माना जाता है।

### 2007 में हुई थी राकेश की नियुक्ति

राकेश की नियुक्ति वर्ष 2007 में हुई थी। वर्ष 2015 में मासिक वेतन 18,711 रुपए था। वर्ष 2025 में यह 54,664 हो गया। पी कीर्ति वर्ष 2010 से शा. दंत चिकित्सालय में लाइब्रेरियन हैं। वर्तमान वेतन 42,402 रु. प्रतिमाह है।

### 4-5 करोड़ इधर-उधर होने की सूचना

सूत्रों के मुताबिक गोरखे ने एक प्लॉट का आधा हिस्सा 4-5 करोड़ रुपए में बेचा था। इसका पैसा उसे नकदी में मिला था। छापे में उसके घर में महज 1 लाख 51 हजार रुपए ही नकदी के रूप में मिले हैं। गोरखे के जानने वालों का कहना है कि उसे कार्रवाई की भनक लग गई थी। टीम ने उसके घर में चार से पांच घंटे तक सर्चिंग की, लेकिन उतनी नकदी, ज्वेलरी नहीं मिली। गुरुवार को उसके बैंक खातों की भी जांच की जाएगी। गोरखे के करीबी रिश्तेदार, साथियों पर भी नजर रखी जा रही है।

### अब तक चिह्नित संपत्तियां

वृंदावन गार्डन, स्कीम नंबर-140 में 1000 वर्गफीट पर बना दो मंजिला मकान। 44, संघवी रेजीडेंसी, बिचौली मर्दाना में 2337 वर्गफीट का प्लॉट। प्लॉट नंबर-23, सद्गुरु नंदी विहार, बड़ियाकीमा में 1571 वर्गफीट का प्लॉट। प्लॉट नंबर-198, साकार एनआरआई सिटी में 8000 वर्गफीट का प्लॉट। प्लॉट नंबर-226, साहिल इंद्रांचल होम्स में 1302 वर्गफीट का प्लॉट। 1.51 लाख नकद।

### थाईलैंड यात्रा भी जांच के दायरे में

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने खरीदी गई कई संपत्तियों की जानकारी नियमानुसार अपने विभाग को नहीं दी। पासपोर्ट की जांच में अक्टूबर 2023 की थाईलैंड यात्रा का भी पता चला है। ईओडब्लयू का कहना है कि इस यात्रा के लिए विभागीय अनुमति नहीं ली गई थी। यात्रा पर हुए खर्च को भी जांच में शामिल किया जाएगा। छापे की कार्रवाई और वित्तीय जांच अभी जारी है।

### डीन के पीए से की थी मारपीट

राकेश गोरखे चिकित्सा शिक्षा विभाग में फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के पद पर नियुक्त हुआ था। कॉलेज के स्टोर का अतिरिक्त प्रभार रहा। 27 जून 2025 को डीन कार्यालय में ई-मेल को लेकर गोरखे, तत्कालीन डीन के पीए (रीडर) भावेश उपाध्याय में मारपीट हो गई थी। शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर 29 अप्रैल 2026 को बर्खास्त कर दिया गया था।

---

एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी समेत 5 गिरफ्तार, डीआरआई ने 1 किलोग्राम विदेशी गोल्ड किया जब्त


# 1.28 करोड़ के सोने की तस्करी नाकाम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की इंदौर जोनल यूनिट ने करीब 1.28 करोड़ रुपए मूल्य के विदेशी सोने की तस्करी का बड़ा खुलासा किया है। टीम ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जांच एजेंसी के मुताबिक अबूधाबी से लाए गए 1000.20 ग्राम सोने को चांदी जैसी दिखने वाली धातु की दो चूड़ियों में छिपाकर इंदौर लाया गया था। एयरपोर्ट पर तैनात एक कर्मचारी की मदद से सोने को सीमा शुल्क जांच से बचाकर बाहर निकालने की पूरी साजिश रची गई थी।

गिरफ्तार आरोपियों में संजय मुंजे (48), अमन गहलोत (30), गोविंद पोरवाल (48), वासुदेव बरनाले (32) और अजय कुमार सेन (56) शामिल हैं। सभी को 4 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें बुधवार 5 अगस्त को विशेष आर्थिक अपराध न्यायालय में



पेश किया गया है।

डीआरआई की ओर से पेश हुए एडवोकेट चंदन ऐरन के अनुरोध पर आरोपियों को 18 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**अबूधाबी से फ्लाइट में पहुंचा था सोना-** डीआरआई के अनुसार 4 अगस्त को एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट क-248 से अबूधाबी से इंदौर पहुंचे यात्री के जरिए विदेशी मूल का सोना भारत लाया गया। सोने का वजन 1000.20 ग्राम और कीमत करीब 1.28 करोड़ रुपए आंकी गई है। सोने को इस तरह तैयार किया गया था कि वह सामान्य धातु की चूड़ियों जैसा दिखाई दे और जांच एजेंसियों की नजर से बच सके।

### हर आरोपी की थी अलग जिम्मेदारी

जांच में सामने आया कि इस तस्करी नेटवर्क में प्रत्येक आरोपी की अलग-अलग भूमिका तय थी। संजय मुंजे को पूरे नेटवर्क का मुख्य समन्वयक है, उसने सोना मंगाने और उसे सुरक्षित बाहर निकालने की योजना बनाई। गोविंद पोरवाल अबूधाबी से सोना लेकर आने वाला कैरियर था। वासुदेव बरनाले, जो एयर इंडिया एक्सप्रेस में कार्यरत है, पर एयरोब्रिज पर सोना लेकर उसे कस्टम जांच से पहले बाहर निकालने की जिम्मेदारी होने का आरोप है। अमन गहलोत पर सोना प्राप्त कर आगे सुरक्षित पहुंचाने की भूमिका निभाने का आरोप है। अजय कुमार सेन यात्रियों और अन्य आरोपियों के बीच समन्वय बनाने का काम करता था। डीआरआई की जांच में यह भी सामने आया है कि तस्करी से जुड़े लोगों को एयरपोर्ट और जांच एजेंसियों की निगरानी संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाती थी।

# बुजुर्ग मां से बेटियों ने की 80 लाख की ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला ने अपनी दो बेटियों पर 80 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति की मौत के बाद बिजली विभाग से मिले रुपयों को बेटियों ने जालसाजी कर निकाल लिया। पुलिस से कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। कोर्ट के निर्देश पर मंगलवार को दोनों बेटियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। फिरदौस नगर निवासी आयशा उर्फ आशा खान के पति अब्बास खान विद्युत मंडल में सुपरवाइजर थे। अक्टूबर 2012 में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। इसके बाद उनके बेटे दिलावर को अनुकंपा नियुक्ति मिली, जबकि विभाग से मिले 80 लाख रुपए चेक के जरिए आयशा के बैंक अकाउंट में जमा हुए थे।

आयशा की बेटी मेहरून पढ़ी-लिखी थी, इसलिए बैंक खाते की देखरेख और पासबुक उसी के पास रहती थी। आरोप है कि मेहरून ने धोखाधड़ी करते हुए धीरे-धीरे खाते से पूरे 80 लाख रुपए निकाल लिए। इतना ही नहीं, उसने पिता द्वारा खरीदे गए एक मकान के दस्तावेज भी अपने पास रख लिए और मांगने पर देने से इंकार कर दिया। जब आयशा ने बैंक जाकर 2012 से 2024 तक का स्टेटमेंट निकाला, तो पता चला कि उनका खाता खाली हो चुका है। मेहरून से जब इस बारे में सवाल किया गया, तो पहले उसने साफ इंकार कर दिया।

---

इंदौर में कांग्रेस नेताओं ने लगाए पोस्टर

# यदि वास्तव में विकास हुआ तो फिर शहर की प्रमुख सड़कें बदहाल क्यों

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम के चार साल पूरे होने के पर कांग्रेस नेताओं ने शहर की बेहाली पर तंज करते हुए शहर में कुछ पोस्टर लगाए। भाजपा परिषद के चार सालों के कार्यकाल के विरोध में कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने 4 साल इंदौर बेहाल अभियान के तहत ये पोस्टर लगाए।

इस अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने किया। उन्होंने कहा महापौर लगातार 4 सालों में अभूतपूर्व विकास के दावे करते रहे हैं, जबकि शहर की वास्तविक स्थिति इन दावों से बिल्कुल अलग दिखाई देती है। नसिया रोड से गुजराती स्कूल, जूनी इंदौर, चंद्रभागा, कलाकुई मस्जिद मार्ग सहित कई प्रमुख सड़कें लंबे समय से खुदी हुई या जर्जर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इनमें से कुछ रास्तों पर काम सालों से अधूरा पड़ा है, जिससे आम लोगों, व्यापारियों, स्टूडेंट्स और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि वास्तव में विकास हुआ है तो फिर शहर की प्रमुख सड़कें बदहाल क्यों हैं? बरसात के मौसम में जगह-जगह गड्ढे, जलभराव और अधूरे निर्माण काम इंदौर की पहचान बनते जा रहे हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद लोगों को अच्छी सड़कें और सुगम यातायात उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पोस्टर के माध्यम से जनता का ध्यान उन समस्याओं की ओर आकर्षित करने का काम किया है।

इंदौर में बेखौफ कार चोरों का आतंक, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में तीन वारदात

# एक ही मॉडल की कार ले गए चोर, पुलिस तलाश में जुटी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के विज्ञान नगर और दामोदर नगर से एक हफ्ते में तीन स्विफ्ट कार चोरी हो गई हैं। ताजा मामला वीआईपी परस्पर नगर का है, जहां बेखौफ बदमाश 28 जुलाई की रात स्विफ्ट कार चोरी कर फरार हो गए। चोरी से पहले आरोपियों ने इलाके की डीपी से बिजली बंद कर दी, जिससे कॉलोनी के कैमरे बंद हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक वीआईपी परस्पर नगर निवासी मुकुल कुमार त्यागी सप्लायर का काम करते हैं। उन्होंने अपनी मारुति स्विफ्ट कार 28 जुलाई की रात करीब 11 बजे



सिद्धेश्वर महादेव मंदिर की दीवार के पास खड़ी की थी। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे जब वे बाहर आए तो कार मौके से गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद उन्होंने राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने पहले इलाके की डीपी से बिजली सप्लाई बंद की, ताकि कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरे बंद हो जाएं। इसके बाद उन्होंने स्विफ्ट कार चोरी की और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपी दूसरी कार से आए थे। कॉलोनी के कैमरों में उनकी गतिविधियां कैद नहीं हो सकीं, लेकिन बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में एक चौराहे से चोरी की कार गुजरती हुई दिखाई दी है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में स्विफ्ट कारों को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार विज्ञान नगर और दामोदर नगर से भी दो स्विफ्ट कार चोरी होने की शिकायतें मिली हैं। इन मामलों में भी जांच जारी है। लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ा दी है। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों के बीच कड़ी तलाश की जा रही है और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

शिलॉन्ग से लौटे विपिन रघुवंशी ने कहा- फर्जी आईडी से लिया गया था गेस्ट हाउस

# राजा मर्डर- 'शिलॉन्ग में सोनम के साथ था पूरा परिवार'

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड़ आया है। शिलॉन्ग से लौटे राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने दावा किया है कि सरेंडर से पहले जिस गेस्ट हाउस में सोनम रघुवंशी ठहरी थी, वहां उसका पूरा परिवार भी 4 से 5 दिन रुका था। उन्होंने शिलॉन्ग पुलिस से गेस्ट हाउस के रजिस्टर और जमा कराई गई आईडी की जांच कराने की मांग की है। वहीं सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने इन दावों को अफवाह बताते हुए खारिज किया है।

दरअसल, विपिन को नोटिस देकर शिलॉन्ग कोर्ट बुलाया गया था। वहां उनसे ज्वेलरी को लेकर सवाल पूछे गए।

विपिन ने बताया कि मेरे बयान होने के बाद



जब मैं कोर्ट रूम से बाहर निकल रहा था, तब मैंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान भाई की हत्या की आरोपी सोनम, राज कुशवाह, आनंद कुर्मी, आकाश राजपूत, विशाल चौहान को देखा। उन्हें देख यही लगा कि इन सबको जल्द से जल्द सजा मिलना चाहिए। मैंने वहां एडवोकेट से भी पूछा- सोनम ने कब सरेंडर किया था, जिसके बाद एडवोकेट ने मुझे जानकारी दी।

**गेस्ट हाउस में रुका परिवार, किसी और के नाम पर लिया-** विपिन ने दावा किया है कि स्थानीय पुलिस और लोगों से जानकारी मिली कि सोनम का पूरा परिवार शिलॉन्ग में सोनम के साथ कुछ दिनों तक गेस्ट हाउस में ही रुका था। मुझे तो यह भी जानकारी मिली है कि जिस गेस्ट हाउस में सोनम रुकी थी, वह भी किसी और के नाम पर लिया गया था। जमानत मिलने के बाद तो सोनम अपनी आईडी पर गेस्ट हाउस ले सकती थी, मगर यहां भी उसने फजीर्वाड़ा किया। जिस किसी गेस्ट हाउस, होटल या लॉज में कोई रुकता है, उसकी आईडी ली जाती है। सोनम के माता-पिता की आईडी भी वहां होनी चाहिए। उन्होंने शिलॉन्ग पुलिस से अपील की है कि पुलिस गेस्ट हाउस की जांच करे। पता करे कि इनकी आईडी जमा हुई या नहीं और रजिस्टर में एंट्री है या नहीं, यह भी चेक करे।

इधर विपिन के दावों पर सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी का कहना है कि जिस दिन की बात की जा रही है, उस समय माता-पिता इंदौर में थे, जबकि उस समय मुझे बिजनेस की वजह से बेंगलुरु जाना पड़ा था। जो दावा किया जा रहा है, वह अफवाह है।

### मुझसे पूछा- कौन-कौन सी ज्वेलरी आपकी है

विपिन ने बताया कि 29 जुलाई को मैं शिलॉन्ग कोर्ट पहुंचा तो वहां ज्वेलरी दिखाई गई। मुझसे पूछा गया कि कौन-कौन सी ज्वेलरी आपकी है? कौन-कौन सी आपकी नहीं है? जो ज्वेलरी हमारी थी, उसे मैंने आइडेंटिफाई किया, जो हमारी नहीं थी, उसके बारे में भी कोर्ट को जानकारी दी। इन ज्वेलरी को लेकर भी कई सवाल पूछे गए हैं।

**राज कुशवाह के नाम पर मंगलसूत्र-** विपिन ने कहा- जो ज्वेलरी दिखाई गई, उसमें एक मंगलसूत्र था, वह राज कुशवाह के नाम पर था। संभवतः राज और सोनम ने पहले ही शादी कर ली थी। इसमें एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चेन है। विपिन ने सवाल उठाया- राज कुशवाह 15 से 20 हजार की नौकरी कर रहा था। वह 5 से 6 लाख रुपए की ज्वेलरी के पैसे कहां से लाया होगा? वे पैसे भी सोनम ने ही दिए होंगे। इस ज्वेलरी की जो खरीदी की तारीख उसमें थी, वह राजा और सोनम की शादी के पहले की थी।

## खबर एक नजर...

### पगारा डेम में पिकनिक के दौरान हादसा, ग्वालियर के युवक की डूबने से मौत

**मुरैना।** मुरैना जिले के जौरा स्थित पगारा डेम पर बुधवार शाम पिकनिक मनाने आए दोस्तों का घूमना मातम में बदल गया। ग्वालियर से आए छह दोस्तों में से चार युवक डेम में नहाने उतरे थे। इनमें तीन युवक सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि 30 वर्षीय त्रिलोक गुप्ता तेज बहाव में फंसकर डूब गए। सूचना मिलते ही जौरा थाना पुलिस और रेस्क्यू की टीम मौके पर पहुंची। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव डेम से बाहर निकाल लिया गया। पुलिस के अनुसार, ग्वालियर के मुरार क्षेत्र के छह दोस्त बुधवार को स्कॉर्पियो वाहन से पगारा डेम घूमने आए थे। दिनभर डेम क्षेत्र में समय बिताने के बाद शाम करीब 5:30 बजे चार युवक पानी में नहाने उतर गए। तीन युवकों को तैरना आता था, इसलिए वे कुछ देर बाद सुरक्षित बाहर निकल आए। लेकिन त्रिलोक गुप्ता, निवासी विक्की फैक्ट्री के पीछे, मुरार (ग्वालियर), गहरे पानी और तेज बहाव में फंस गए। साथियों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह देखते ही देखते पानी में लापता हो गए। युवक के डूबने की जानकारी मिलते ही उसके दोस्तों ने शोर मचाया। आसपास मौजूद लोग भी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में जौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### 27% ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट में अंतिम बहस पूरी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद में बुधवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई पूरी हो गई। सभी पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद विशेष युगलपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब राज्य सरकार, ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों और अन्य पक्षकारों की निगाहें हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की विशेष युगलपीठ के न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति विनय सराफ ने करीब ढाई घंटे तक चली सुनवाई में सभी पक्षों की दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की संवैधानिक वैधता, आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा, ओबीसी आबादी के आंकड़े, क्रीमीलेयर, पिछड़ेपन के आधार और सरकारी नियुक्तियों में लंबित पदों सहित विभिन्न कानूनी पहलुओं पर विस्तार से बहस हुई। ओबीसी पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने 27 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखने की मांग की। उन्होंने अक्टूबर 2019 में तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा दाखिल 555 पृष्ठों के जवाब का हवाला देते हुए ओबीसी आबादी से जुड़े आंकड़े अदालत के समक्ष रखे। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से 12वीं तक पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी जाए।

### बिना खाद्य लाइसेंस संचालित हो रही थी यूनिट; तत्काल बंद कराई

**भोपाल।** भोपाल में बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने इंद्रपुरी स्थित राज इंटरप्राइजेस प्रोसेस्ड वाटर यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह यूनिट बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित हो रही थी। जिसे तत्काल बंद करवा दिया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि प्रतिष्ठान में 20 लीटर के कैंपर एवं जारों में प्रोसेस्ड वाटर भरकर विक्रय किया जा रहा था। जांच में इकाई की लगभग 15,000 लीटर प्रतिदिन उत्पादन क्षमता है, जबकि प्रतिष्ठान के पास प्रोसेस्ड वाटर के उत्पादन, प्रोसेसिंग एवं पैकिंग के लिए जरूरी खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। निरीक्षण में पेयजल गुणवत्ता रिपोर्ट मांगी गई, जो उपलब्ध नहीं थी। साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण, स्वच्छता एवं गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इन परिस्थितियों में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा प्रोसेस्ड वाटर निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुरक्षित है। उक्त गंभीर अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा राज एंटरप्राइजेज में प्रोसेस्ड वाटर के उत्पादन, प्रोसेसिंग, पैकिंग एवं विक्रय का कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव एवं अरुणेश पटेल मौजूद थे।

### भोपाल में अवैध कॉलोनियों को लेकर बड़ी कार्रवाई

**भोपाल।** भोपाल में अवैध कॉलोनियों को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन ने फिर बड़ी कार्रवाई की। हुजूर क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों की सड़कें उखाड़ दी गई, जबकि गेट और बाउंड्रीवॉल तोड़ दिए गए। जमीन की कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी गई है। एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। चार कॉलोनियों की निर्माणाधीन सड़कें प्रवेश द्वारों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ा गया। जानकारी के अनुसार, हुजूर क्षेत्र में आने वाले कल्याणपुर और पिपलिया जाहिर पीर गांव के आसपास बिना जरूरी अनुमतियां लिए विकसित हो रही कॉलोनियों को तोड़ दिया गया।



### सहायक सचिव की किडनैपिंग, पिस्टल दिखाकर चेक-स्टाम्प पेपर पर कराए साइन

# 13 घंटे बंधक बनाकर पीटा, पीठ-पैर की चमड़ी उधड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› भिंड

मध्य प्रदेश के भिंड जिले में 5 लाख रुपए के लेनदेन के विवाद में बदमाशों ने सहायक सचिव का अपहरण कर लिया। उन्हें करीब 13 घंटे बंधक बनाकर दबोह और आलमपुर क्षेत्र में घुमाया गया। बेसबॉल बैट, प्लास्टिक पाइप, लात-घूंसों और थप्पड़ों से बेरहमी से पीटा गया। सिर फूट गया और पीठ की चमड़ी उधड़ गई।

मारपीट के दौरान सहायक सचिव बेहोश हो गए। होश आने पर आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर उनसे तीन चेक, पांच कोरे कागज और 200-200 रुपए के दो स्टाम्प पेपर पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लहार पुलिस के मुताबिक, फरियादी विनोद सिंह राजावत (43) बगियापुरा निवासी हैं और मछंड सेवा सहकारी संस्था में सहायक सचिव हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम रुरई निवासी अजीत सिंह चौहान से पिछले करीब एक साल से पैसों का लेनदेन चल रहा था। विनोद के अनुसार, 6-7 दिन पहले अजीत सिंह ने उन्हें 5 लाख रुपए नकद लौटा दिए थे। मंगलवार सुबह अजीत ने बाकी हिसाब करने और पिता से बात कराने के बहाने उन्हें लहार बुलाया।

#### रास्ते में साथी को साथ लिया, घर पहुंचते ही शुरू हुई मारपीट

विनोद अपनी कार से लहार के लिए निकले। रास्ते में बंथरी निवासी अभिनंदन सिंह को साथ बैठा लिया। अजीत के घर पहुंचते ही वहां मौजूद पवन गुप्ता और वीर प्रताप सिंह उर्फ वीरू ने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद सभी विनोद की कार में बैठकर वहां से निकल गए। पीड़ित के अनुसार, अजीत सिंह ने उन्हें कार की पिछली सीट पर बैठाया और खुद ड्राइविंग सीट पर बैठ गया। आगे दो अन्य युवक भी सवार थे। इसके बाद बेसबॉल बैट, प्लास्टिक पाइप, लात-घूंसों और थप्पड़ों से लगातार मारपीट की गई। हाथ, पैर, पीठ, सिर और शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आईं। आलमपुर पहुंचने से पहले ही वे बेहोश हो गए। होश आने पर आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। फिर तीन चेक, पांच कोरे कागज और 200-200 रुपए के दो स्टाम्प पेपर पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। साथ ही घटना की जानकारी किसी को देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

### एमपी में सूखे जैसे हालात; अगले 3 दिन तेज बारिश, भरपाई की उम्मीद

# भोपाल में 7%, इंदौर में 2%-उज्जैन में 14% कम बारिश

#### 3 दिन तेज बारिश, उत्तरी हिस्सा भीगेगा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में इस मानसूनी सीजन अब तक 16.3 इंच बारिश हुई है, जो औसत से 18% कम है। इस वजह से प्रदेश में सूखे जैसे हालात बन गए हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन समेत 49 जिलों की स्थिति ठीक नहीं है। सिर्फ 6 जिले ही बेहतर स्थिति में हैं। भोपाल, जबलपुर, सागर, शहडोल, रीवा और नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों में बारिश का आंकड़ा माइनस में है। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल के 6 जिलों में औसत से ज्यादा बारिश हुई है।

5 बड़े शहरों की बात करें तो सिर्फ ग्वालियर में ही औसत से 7% ज्यादा बारिश हुई है, जबकि भोपाल में औसत से 7%, इंदौर में 2%, उज्जैन में 14% और जबलपुर में 29% कम बारिश हुई है।



मौसम केंद्र की मानें तो अगले 3 दिन प्रदेश के उत्तरी हिस्से के कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। यदि सिस्टम स्ट्रॉन्ग रहा और तेज बारिश का दौर लगातार चला तो बारिश के आंकड़े में सुधार आने की उम्मीद है। गुरुवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और दमोह में भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, दमोह और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

### शाजापुर में हर रात पेड़ों की अवैध कटाई

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

शाजापुर में एक ओर सरकार 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है, वहीं शाजापुर में हर रात बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी के परिवहन के आरोप सामने आ रहे हैं। दैनिक भास्कर की पड़ताल में ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिन्होंने वन और राजस्व विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेरछा रोड, हाट मैदान, मुरादपुर रोड और कॉलेज के सामने नहर मार्ग पर तिरपाल से ढंके लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को गुजरते देखा। इसके बाद लालबाई-फूलबाई माता मंदिर रोड, मुरादपुर रोड और बिजाना बायपास क्षेत्र के खाली प्लॉटों व झाड़ियों में बड़ी मात्रा में लकड़ी छिपाकर रखी मिली।

### सराफा कारोबारी को गोली मारी

# 75 लाख के जेवर लूटे, 25 ग्राम सोना लेकर भागे नकाबपोश

#### सुनसान सड़क पर पिता-पुत्र को घेरा



ब्रह्मास्त्र ›› विदिशा

मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में बुधवार शाम बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने सराफा कारोबारी को गोली मार दी। बदमाश कारोबारी और उनके बेटे से करीब 30 किलो चांदी, करीब 30 ग्राम सोना, 25 हजार रुपए नकद और आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

शमशाबाद पुलिस के मुताबिक, घायल व्यापारी संजय सोनी रायसेन गेट विदिशा के रहने वाले हैं। वारदात के समय उनके साथ बेटा यश सोनी भी था। गोली कारोबारी के बाएं हाथ में लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सराफा व्यापारी संजय सोनी ने बताया कि बुधवार को पीपलधार के साप्ताहिक हाट बाजार में आभूषणों का व्यापार करने के बाद वे बाइक से विदिशा लौट रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे पीपलधार और पट्टन गांव के बीच विदिशा रोड पर तीन बाइक सवार बदमाश उनका पीछा करने लगे। संजय सोनी और उनके बेटे के मुताबिक, बदमाशों ने पहले बैग छीनने की कोशिश की। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद बदमाश लौटे और बैग छीनने लगे। विरोध करने पर एक बदमाश ने संजय सोनी पर गोली चला दी। वारदात के बाद आरोपी बैग लेकर फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। राहगीरों ने संजय सोनी और यश सोनी को शमशाबाद अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

### 18 महीने बाद जेल से बाहर आया सौरभ शर्मा

**भोपाल।** आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा आखिरकार करीब 18 महीने बाद बुधवार रात 10:20 बजे भोपाल सेंट्रल जेल से रिहा हो गए। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की एकल पीठ ने उनकी नियमित जमानत याचिका स्वीकार करते हुए सशर्त रिहाई के आदेश दिए थे। सौरभ फरवरी 2025 से जेल में बंद था। कोर्ट ने 10 लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर उन्हें रिहा करने का निर्देश दिया था। सौरभ शर्मा फरवरी 2025 से न्यायिक हिरासत में थे। जमानत आदेश की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद रात 10:20 बजे उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। जेल के बाहर उनके समर्थक और परिजन मौजूद रहे।

### भोपाल में ब्रिक्स सम्मेलन का दूसरा दिन आज

# संस्कृति मंत्रियों के घोषणा पत्र के मसौदे पर होगा मंथन

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल में चल रहे ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन-2026 को गुरुवार को दूसरा दिन है। इस दिन ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों के घोषणा पत्र के मसौदे और सांस्कृतिक सहयोग के अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर मंथन होगा।

इनमें सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा, संग्रहालय, सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और ब्रिक्स देशों के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव शामिल हैं। वहीं, शाम को रविंद्र भवन में ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव होगा। गुरुवार को कार्य समूह की सिफारिशें मंत्रस्तरीय बैठक




के दौरान संस्कृति मंत्रियों के विचार का आधार बनेंगी। ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव में ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

वहीं, कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन (मिंटो हॉल) परिसर में 'ज्ञान भारतम', 'प्रोजेक्ट मौसम' और 'प्रोजेक्ट बृहत्तर भारत' पर तीन विशेष प्रदर्शनी लगेगी। ये प्रदर्शनियां आम जनता के लिए भी खुली है। प्रदर्शनियां भारत की पांडुलिपि विरासत, समुद्री सांस्कृतिक संबंधों और सभ्यतागत जुड़ाव को प्रदर्शित करने के साथ विरासत संरक्षण, सांस्कृतिक कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में भारत की पहलों को रेखांकित करेंगी।

#### लंच-डिनर में खास मैन्यू

प्रदेश के प्रमुख व्यंजन जैसे- दाल बाफले, निमोना, रिकमच, गुइया की सब्जी, चंबल का थोपा, चंदिया, बड़ा और स्वास्थ्यवर्धक मिलेट्स पर आधारित कोदो व कुटकी आदि शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय अतिथियों के स्वाद और प्राथमिकताओं का ध्यान रखते हुए वेस्टर्न (पश्चिमी) और ओरिएंटल व्यंजनों की भी श्रृंखला भी परोसी जा रही है। 7 अगस्त को ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों के संस्कृति मंत्री भोपाल पहुंचेंगे। शाम को प्रमुख 'ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव 2026' आयोजित किया जाएगा, जो भारत और भाग लेने वाले ब्रिक्स देशों के प्रख्यात संगीतकारों और कलाकारों को एक साथ लाने वाला एक विशेष रूप से तैयार किया गया सहयोगात्मक संगीतमय कार्यक्रम है।

### सिवनी में कंटेनर से 23 गौ-वंश मुक्तःपुलिस ने घेराबंदी कर 3 तस्कर पकड़े; 10 लाख का कंटेनर जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› सिवनी

सिवनी जिले में जिले में गौ-वंश तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बुधवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए कंटेनर से 23 गौ-वंश मुक्त कराए। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि करीब 10 लाख रुपए कीमत का कंटेनर भी जब्त किया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

कोतवाली पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि जबलपुर से नागपुर की ओर जा रहे एक कंटेनर में बड़ी संख्या में गौ-वंश का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने छिंदवाड़ा रोड ब्रिज के पास फोरलेन पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर चालक और उसका साथी कंटेनर छोड़कर भागने लगे, लेकिन पीछा कर दोनों को पकड़ लिया गया। बाद में एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# मध्यप्रदेश सरकार ने बढ़ाया बस किराया, 55-60% तक महंगा

### एसोसिएशन बोला- 400 की जगह 600-700 तक देना पड़ेगा; 2 रुपए/किमी के हिसाब से वसूलेंगे ऑपरेटर

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में बस यात्रियों पर महंगाई की मार पड़ी है। परिवहन विभाग ने बस किराए में बढ़ोतरी का नोटिफिकेशन जारी कर नई दरें लागू कर दी हैं। सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी के यात्रियों पर पड़ेगा। लंबी दूरी के रूटों पर 55 से 60 प्रतिशत तक किराया बढ़ सकता है।




मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने बताया कि नई दरें लागू होने के बाद 400 रुपए का किराया बढ़कर 600 से 700 रुपए तक पहुंच सकता है। यानी लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को पहले से अधिक किराया देना होगा। परिवहन विभाग ने बस किराए में 75 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की है। नई व्यवस्था के तहत बस ऑपरेटर यात्रियों से अधिकतम 2 रुपए प्रति किलोमीटर तक किराया वसूल सकेंगे। सरकार ने बढ़े हुए किराए का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है और नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।

#### 100 किलोमीटर की यात्रा पर बढ़ेगा खर्च

नई दरों के अनुसार, 100 किलोमीटर की यात्रा पर पहले करीब 125 रुपए किराया लगता था। अब यह बढ़कर 200 रुपए तक हो सकता है। यानी यात्रियों पर करीब 75 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन की 7 अगस्त से प्रस्तावित हड़ताल की चेतावनी दी थी। इसके बाद मध्य प्रदेश सरकार ने बस किराया बढ़ाने का फैसला लिया। इससे बस यात्रियों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ेगा।

**हड़ताल की चेतावनी के बाद सरकार का फैसला-** सोमवार को परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और विभागीय अधिकारियों ने बस ऑपरेटरों के साथ बैठक की थी। बैठक में सरकार ने किराया बढ़ाने के संकेत दिए थे। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहमति भी मिली थी। मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले पांच साल से बस किराया नहीं बढ़ाया था।

### आंशिक किराया बढ़ाकर फिर पुराने रेट पर लौटीं कैब कंपनियां

# टैक्सी चालक संघ ने लगाई गुहार, समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल टैक्सी चालक संघ (भारतीय मजदूर संघ सम्बद्ध) ने दावा किया है कि 23, 24 और 25 जून को एयरपोर्ट राइड के बहिष्कार के बाद एग्रीगेटर कंपनियां दबाव में आई थीं और उन्होंने किराए में आंशिक सुधार किया था। हालांकि, संघ का आरोप है कि यह राहत कुछ समय तक ही रही और बाद में कंपनियां फिर पुराने किराए पर लौट आईं।

संगठन का कहना है कि मौजूदा किराया बढ़ती महंगाई और संचालन लागत के मुकाबले पर्याप्त नहीं है, जिससे टैक्सी चालकों की आजीविका प्रभावित हो रही है। परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन, बैठक का मिला भरोसा संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले ने बताया कि 4



अगस्त को संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किराया निर्धारण, एग्रीगेटर कंपनियों की कार्यप्रणाली, अवैध बाइक-टैक्सी और कार संचालन समेत प्लेटफॉर्म वर्कर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया गया। नागले के अनुसार, परिवहन मंत्री ने ज्ञापन का अध्ययन करने के बाद परिवहन आयुक्त और परिवहन सचिव से चर्चा कर मंत्रालय में संगठन के साथ बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया है।

महामंत्री राजेश कुमार नागले ने कहा कि संगठन शासन-प्रशासन तक अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सफल रहा है और अब सरकार को समस्याओं के समाधान के लिए उचित समय दिया जाएगा। उन्होंने सभी टैक्सी चालकों से संगठन की रीति-नीति पर भरोसा बनाए रखने और एकजुट रहने की अपील की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समयावधि में मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को भोपाल तक सीमित नहीं रखा जाएगा। कार्यरत टैक्सी चालकों और यूनियनों को साथ लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल और व्यापक आंदोलन करेगा। नागले ने कहा कि संगठन फिलहाल सरकार की सकारात्मक पहल का इंतजार कर रहा है, लेकिन यदि अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन ही अंतिम विकल्प होगा।

#### किराया तय करने और नई गाइडलाइन की मांग

संघ का कहना है कि मध्यप्रदेश में टैक्सी किराए के लिए स्पष्ट सरकारी गाइडलाइन नहीं होने से एग्रीगेटर कंपनियां मनमाने तरीके से किराया तय कर रही हैं। संगठन ने सरकार से टैक्सियों के लिए अलग से किराया निर्धारण, स्पष्ट नीति और नियामक व्यवस्था लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही संगठन ने मोटर वाहन अधिनियम-2025 की उन व्यवस्थाओं पर भी आपत्ति जताई है, जिनका हवाला देकर कंपनियां किराए में मनमानी करने का आरोप झेल रही हैं।

#### पैनिक बटन और जीपीएस के अतिरिक्त खर्च का भी उठाया मुद्दा

ज्ञापन में पैनिक बटन और जीपीएस जैसे सुरक्षा उपकरणों के नाम पर ड्राइवरों पर बढ़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ का मुद्दा भी उठाया गया। संघ का कहना है कि इन व्यवस्थाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा, जबकि इनका खर्च टैक्सी चालकों पर पड़ रहा है ।इसके अलावा एग्रीगेटर कंपनियों के माध्यम से कथित रूप से संचालित अवैध बाइक टैक्सी और कार संचालन पर भी कार्रवाई की मांग की गई है।

# आधा काम आधी बातें



## पति के साथ काम का अनुभव

रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टा स्टोरी पर अपने पति एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ कुछ तस्वीरें साझा कीं। इनमें दोनों के बीच की खास बॉन्डिंग नजर आ रही है। पोस्ट में रकुल ने फैंस द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब दिया कि पति के साथ काम करना कैसा होता है? रकुल ने कैप्शन में लिखा, ₹जब लोग मुझसे पूछते हैं कि साथ काम करने का अनुभव कैसा है, तो इसका जवाब बहुत आसान है। हम दोनों का आधा समय काम को लेकर बातचीत करने में और बाकी समय हंसी-मजाक करने और खाने की चर्चा करने में बीतता है। मुझे यह अच्छा लगता है, क्योंकि हमारी सोच और तालमेल एक जैसी है। जब दो लोग किसी काम को लेकर एक जैसी एनर्जी और उत्साह रखते हैं तो साथ मिलकर कुछ नया बनाना और भी खास हो जाता है।

# मोरक्को के फुटबॉलर संग चक्कर? खुद बताई सच्चाई

डांसिंग क्वीन नोरा फतेही ने मोरक्कन फुटबॉल टीम के स्टार गोलकीपर यासीन बोनू के साथ अफेयर की अफवाहों पर विराम लगा दिया है। नोरा हाल ही में 'द क्रिस फेड शो' में शामिल हुईं, जहां उनसे पूछा गया कि क्या वे दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस पर एक्ट्रेस ने बताया कि यासीन उनके बहुत अच्छे दोस्त हैं। वह यासीन के खेल और उनकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व महसूस करती हैं और हमेशा उन्हें सपोर्ट करती हैं। बोनू की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि जो कोई फुटबॉल को समझता है वो जानता है कि यासीन ने जितने भी गोल सेव किए हैं, वे बेमिसाल हैं। यासीन बेहतरीन खिलाड़ी होने के साथ एक बहुत ही दयालु और डाउन टू अर्थ इंसान भी हैं। जब होस्ट ने मजाक में कहा कि वे दोनों साथ में बहुत अच्छे लगेंगे, तो नोरा ने हंसते हुए 'ओह रियली?' कहकर बात टाल दी।



बीते दिनों नोरा और यासीन को एक साथ देखे जाने के बाद से उनके अफेयर के चर्चे शुरू हुए थे। हालांकि, यासीन शादीशुदा हैं। उन्होंने साल 2016 में इमाने खल्लाद से शादी की थी और उनका एक बेटा भी है। खैर, नोरा ने अब साफ कर दिया है कि वे सिर्फ 'बेस्ट फ्रेंड्स' हैं।

फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाड़ी अशरफ हकीमी संग भी नोरा के अफेयर की खबरें आई थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह हकीमी से हाल ही में कुछ कॉमन दोस्तों के जरिए मिली थीं, जहां सिर्फ सामान्य 'हाय-हेलो' हुई थी। दोनों के बीच कभी कोई खास कनेक्शन नहीं रहा, इसलिए ऐसी खबरें सुनकर उन्हें खुद हैरानी हुई थी।



# खुलकर गालियां देती थीं, न डर, न शर्म

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में कई चैलेंजिंग रोल किए और हिट फिल्में दी हैं। इनमें से एक फिल्म 'गोलियों की रासलीला-रामलीला' भी है। दीपिका के साथ काम करने वाली जानी-मानी एक्ट्रेस जयंती भाटिया ने उनके बारे में चौंकानेवाला खुलासा किया है। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में जयंती ने बताया कि 'रामलीला' के सेट पर दीपिका बिना डर और शर्म के खुलकर गालियां देती थीं। उन्होंने एक वर्कशॉप की दिलचस्प याद शेयर की। जयंती को संजय लीला भंसाली की टीम ने दीपिका को उनके किरदार के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए बुलाया था। उन्होंने बताया कि दीपिका हर टास्क को पूरे डेडिकेशन के साथ करती थीं। उनके निडर रवैये ने जयंती को हैरान कर दिया था। कैमरे के सामने दीपिका की झिझक दूर करने के लिए एक स्वास एक्टिविटी करनी थी। इसमें दीपिका को भंसाली के ऑफिस की बालकनी से जोर-जोर से गालियां देना था। इसमें वह उम्मीद से कहीं आगे निकल गईं। जयंती ने कहा, दीपिका ने दरवाजा खोला और ऐसी-ऐसी गालियां देना शुरू किया, जो मैंने कभी सुनी भी नहीं थीं। उन्हें इस बात की कोई झिझक नहीं थी कि कोई उन्हें देख रहा है। वह पहले से एक स्टार थीं। लोग उन्हें जानते थे। लेकिन उन्हें कोई शर्म या डर नहीं था।

# अवॉर्डस नाइट होस्ट करेंगी डॉली सिंह



डॉली सिंह एक कन्टेंट क्रिएटर से लेकर एक्ट्रेस, राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर भी हैं। वह अपने अंतरराष्ट्रीय सफर में एक अहम उपलब्धि हासिल करने जा रही हैं। डॉली 13 अगस्त को होने वाले इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के अवॉर्ड्स नाइट की मेजबानी करेंगी। उन्हें फेस्टिवल में आधिकारिक मेहमान के रूप में भी आमंत्रित किया गया है। वह 'सिनेमा में कहानी कहने के अलग-अलग रूपों में महिलाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित स्वास पैनल चर्चा का भी हिस्सा बनेंगी। बता दें कि डॉली ने ओरिजिनल मिनी-सीरीज और माइक्रो ड्रामा बनाने से लेकर उन्हें डायरेक्ट करने और कई बार खुद शूट करने तक, हर विधा में नई और सच्ची कहानियां पेश करने की कोशिश की है। यही वजह है कि कहानी कहने के भविष्य पर होने वाली चचाओं में उनकी मौजूदगी बेहद अहम मानी जाती है। बहरहाल, एक्ट्रेस ने कहा है कि आईएफएफएम का इतने अलग-अलग रूपों में हिस्सा बनना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है।

# बस आने ही वाली है इच्छाधारी नागिन

श्रद्धा कपूर की इच्छाधारी नागिन वाली फिल्म की बीते दिनों चर्चा तो बहुत थी, लेकिन बाद में कोई हलचल न होती देख माना जा रहा था कि यह फिल्म डिब्बाबंद हो गई है। लेकिन अब मेकर्स ने साफ कर दिया है कि यह फिल्म बंद नहीं हुई है। अभी भी इस पर काम चल रहा है। फिल्म की लीड कास्ट के तौर पर श्रद्धा कपूर का नाम भी फाइनल है। वह फिल्म में इच्छाधारी नागिन का रोल निभाने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग अभी शुरू नहीं हो पाई है। लेकिन जल्द ही सभी चीजें ट्रैक पर आएंगी। मेकर्स के मुताबिक फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। बता दें कि श्रद्धा कपूर ने साल 2020 में एक ट्वीट के जरिए बताया था कि वह बड़े पर्दे पर नागिन बनने वाली हैं।



## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ






## जोक्स


गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है, एक गिलास और जूस दो,
लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....



लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं,
आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...



## वर्ग पहेली





**बाएं से दाएं**

1. सुगंध, खुशबू-3
3. व्यवस्था-2,2
5. आम लोग-2
6. चिंतन, सोच विचार-3
7. पराया-2
8. विनाश, विध्वंस-2
10. अपने ही घर में बंधक-5
12. वलय, घेरा-3
15. आंचल, पल्लू-3
17. सेंधमार-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. एक सवारी गाड़ी-2
23. पीहर, पिता का घर-3
24. नवीन, नया, नवजात-2
25. लात मारना-4
26. जोंक, न भरने वाला जख्म-3

**ऊपर से नीचे**

1. जी, चित्त, इच्छा-2
2. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3. तार कसना-3
4. जोकर, विदूषक-4
5. दुनिया, जगत-3
7. पंख-2
9. सदैव, हरदम-2
11. जन्म, पैदा होना-3
13. जुड़वा-3
14. आश्चर्य में पड़ना-5
15. जंगल की आग-4
16. टोंटी, नलका-2
18. वश, अधीन-2
19. परिणाम, हल-3
21. अर्जित करना-3
24. लोहे की तांत-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | | 50 | | 75 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 24 | | 71 | | 12 | = | 73 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 1 | | 15 | | 62 | | 5 | = | 72 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 43 | | 13 | | 11 | | 20 | = | [illegible] |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'लय' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

मंत्रालय, विद्यालय, कार्यालय, सूचनालय, देवालय, भोजनालय, शौचालय, न्यायालय, मेघालय, चिकित्सालय

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | 6 | | 2 | 1 |
| 1 | 31 | 2 | 38 | | 28 | |
| | 1 | 6 | | 7 | 2 | |
| 6 | 36 | | 33 | | 28 | 5 |
| 3 | | 7 | | 2 | 1 | |
| | 32 | | 31 | 4 | 33 | 2 |
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | + | 2 | - | 15 | x | 3 | = | 60 |
| - | ■ | + | ■ | x | ■ | x | ■ | + |
| 15 | - | 5 | ÷ | 2 | - | 5 | = | 5 |
| + | ■ | + | ■ | ÷ | ■ | - | ■ | - |
| 5 | x | 20 | ÷ | 2 | - | 12 | = | 38 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | x | ■ | - |
| 10 | ÷ | 5 | x | 10 | - | 5 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 33 | - | 22 | x | 5 | + | 15 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 33 | 1 | 29 | 4 | 30 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | 30 | 4 | 32 | 3 | 31 | 7 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल-

★ ☆ ☆ ☆ ☆
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल ! का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# शांत रहने वाला PoK पाकिस्तान के लिए परेशानी कैसे बना...?



**पाकिस्तान और भारत के बीच कश्मीर को लेकर कई बार युद्ध हो चुका है। पाकिस्तान ने हमेशा भारत के साथ कश्मीर विवाद को सबसे बड़ा मुद्दा माना। इस वजह से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) के लोगों की अपनी परेशानियों पर कम ध्यान दिया गया। अब वहां हालात ऐसे हैं कि सरकार के लिए उनकी आवाज दबाना मुश्किल हो रहा है।**

महंगाई के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब एक बड़े राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है। इसे कई वर्षों में पाकिस्तान सरकार के सामने PoK से उठी सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

PoK में आंदोलन का नेतृत्व जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी कर रही है। इसका गठन 2023 में हुआ था। इसमें व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नेता शामिल हैं। शुरूआत में संगठन ने महंगी बिजली और आटे की बढ़ती कीमतों के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था। 2024 और 2025 में हुए प्रदर्शनों के बाद पाकिस्तान सरकार को झुकना पड़ा।

सरकार ने बिजली की दरें कम कीं और आटे पर सब्सिडी दी। इसके बाद PoK में आटा पाकिस्तान के दूसरे हिस्सों की तुलना में काफी सस्ता मिलने लगा।

आंदोलनों के सफल होने से JAAC का जनाधार बढ़ा। अब संगठन महंगाई के मुद्दे से आगे बढ़कर PoK को ज्यादा स्वायत्तता और राजनीतिक अधिकार देने की मांग कर रहा है।

सबसे बड़ी मांग PoK विधानसभा की 45 सीटों में से 12 आरक्षित सीटों को खत्म करने की है। ये सीटें उन कश्मीरी शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जो पाकिस्तान के दूसरे हिस्सों में रहते हैं।

JAAC का कहना है कि जो लोग पाकिस्तान के दूसरे शहरों में रहते हैं, उन्हें ढङ्ङ की सरकार बनाने का अधिकार नहीं होना चाहिए।

JAAC के मुताबिक इन 12 सीटों की वजह से स्थानीय मतदाताओं की राय का असर कम हो जाता है और अक्सर केंद्र की सत्ता में बैठी पार्टी को फायदा मिलता है।




## आंदोलनकारियों और सरकार के बीच बातचीत बेनतीजा

सरकार और आंदोलनकारियों के बीच कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। अब पाकिस्तान सरकार ने आंदोलन के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का फैसला किया है। पाकिस्तान के गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी का कहना है कि सरकार ने संगठन की लगभग सभी मांगें मान ली थीं। सिर्फ संवैधानिक बदलाव की मांग स्वीकार नहीं की गई। उन्होंने कहा, ₹अब यह विरोध प्रदर्शन नहीं रहा। ये लोग अब प्रदर्शनकारी नहीं, बल्कि दंगाई हैं।₹ पाकिस्तान सरकार का कहना है कि ढङ्ङ की मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था में बदलाव करने से भारत के साथ कश्मीर विवाद पर उसकी कूटनीतिक स्थिति कमजोर हो जाएगी। सरकार का मानना है कि अगर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटें खत्म कर दी गईं, तो पाकिस्तान के दूसरे हिस्सों में रहने वाले कश्मीरी इस प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। इससे कश्मीर पर उसके दावे को नुकसान पहुंच सकता है।

## भारत के फैसले के बाद बढ़ा PoK में तनाव

एक्सपर्ट्स का मानना है कि ढङ्ङ में चल रहे आंदोलन की शुरूआत 2019 की घटनाओं के बाद हुई। उसी साल भारत ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया था। इसके विरोध में ढङ्ङ में भी प्रदर्शन हुए और लोग नियंत्रण रेखा के उस पार रहने वाले कश्मीरियों के समर्थन में सड़कों पर उतरे। मुजफ्फराबाद के राजनीतिक कार्यकर्ता जाहिद अमीन का कहना है कि लोगों की नाराजगी सिर्फ भारत के फैसले से नहीं थी। उन्हें इस बात का भी गुस्सा था कि भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यहीं से पाकिस्तानी नेताओं के खिलाफ लोगों में नाराजगी बढ़नी शुरू हुई।



## JAAC बोली- पाकिस्तान से अलग होना नहीं चाहते

PoK एक विशेष संवैधानिक व्यवस्था के तहत चलता है। यहां अपना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विधानसभा, सुप्रीम कोर्ट और अलग झंडा है। हालांकि रक्षा, विदेश नीति और कई अहम मामलों पर अंतिम फैसला पाकिस्तान की केंद्र सरकार का ही होता है।

यहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन चुनाव लड़ने वाले हर उम्मीदवार को पाकिस्तान के प्रति निष्ठा की शपथ लेनी पड़ती है। यही वजह है कि स्थानीय स्तर पर कई लोग मानते हैं कि उनके पास सीमित अधिकार हैं और बड़े फैसले इस्लामाबाद में लिए जाते हैं।

जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का कहना है कि वह न तो पाकिस्तान से अलग होना चाहती है और न ही भारत में शामिल होना चाहती है। संगठन का कहना है कि उसकी सिर्फ इतनी मांग है कि PoK के लोगों को अपने इलाके के फैसले लेने का ज्यादा अधिकार मिले। इसके लिए वह ज्यादा स्थानीय अधिकार और संवैधानिक बदलाव की मांग कर रहा है।

पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का कहना है कि सरकार ने आंदोलनकारियों के खिलाफ संयम बरता है। चौधरी ने कहा कि सरकार ने कई बार JAAC से कहा कि वह 27 जुलाई से शुरू हुए स्थानीय चुनाव में हिस्सा ले और अपनी मांगें कानूनी तरीके से उठाए। लेकिन आंदोलनकारी सड़क पर दबाव बनाकर अपनी मांगें मनवाना चाहते हैं। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी ने स्थानीय चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

### यूपी में बाढ़, 40 स्कूलों में पानी घुसा

# 100 साल पुराना मकान ढहने से 6 मौतें; असम में 6 और जान गई, इस मानसून सीजन 95 मौतें

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मध्यप्रदेश में बुधवार को 15 से ज्यादा जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश रिकॉर्ड की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, प्रदेश के उत्तरी हिस्से में 2 साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय हैं। इससे कई जिलों में जोरदार बारिश की संभावना है। यूपी में बारिश का सिलसिला जारी है। बुधवार को प्रयागराज, कानपुर और नोएडा समेत 20 से ज्यादा शहरों में तेज बारिश हुई। बिजनौर और फरुर्खाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। 45 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। झारखंड में बारिश के बीच बिजली गिरने से पिछले 24 घंटों में 20 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 11 मौतें गिरिडीह में दर्ज की गईं। मौसम विभाग ने 8 अगस्त तक अलग-अलग जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

केरल में बुधवार को भी कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। इससे पथानामथिट्टा, अलप्पुझा और कोट्टायम जिलों में बाढ़ के हालात बन गए। करीब 150 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया। क्टऊने गुरुवार को पांच जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। नेपाल के तराई वाले इलाके में हो रही बारिश से बिहार के अररिया में बाढ़ जैसे हालात हैं। निचले इलाकों में पानी भर गया है। लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया जा रहा है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी पूरे प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है।



राजस्थान में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को 21 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में बुधवार से लगातार बारिश हो रही है। राजधानी देहरादून समेत कई जिलों में तेज बौछारें पड़ीं। मौसम विभाग ने देहरादून, चमोली और बागेश्वर में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम को देखते हुए देहरादून, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पौड़ी गढ़वाल में आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ 12वीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

## जयपुर संभाग के कई जिलों में 3 इंच तक बारिश

बुधवार को भरतपुर और जयपुर संभाग के कई जिलों में 3 इंच तक बारिश हुई। सबसे ज्यादा 72 मिमी बारिश अलवर के गोविंदगढ़ में हुई, जिससे कई जगह सड़कें जलमग्न हो गईं। कोटा में अच्छी बारिश की कामना के लिए 4 साल बाद गढ़े भैरूजी को निकालकर पूजा की गई। मध्य प्रदेश में इस मानसून सीजन अब तक औसत से 18% कम बारिश हुई है। प्रदेश में अब तक 16.3 इंच बारिश दर्ज की गई है, जिससे कई इलाकों में सूखे जैसे हालात बन गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिनों तक प्रदेश के उत्तरी हिस्से में तेज बारिश की संभावना है। गुरुवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और दमोह में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# ट्रम्प बोले- ईरान ने कहा आइए बात करते हैं, अगले 48 घंटे में स्थिति साफ हो जाएगी

## ईरान बोला- अमेरिका से कोई बातचीत नहीं हो रही

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने खुद अमेरिका से बातचीत की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा, ईरान ने फोन कर मुझसे कहा कि आइए बात करते हैं। अगर ईरान समझौता करता है तो यह उसके लिए बेहतर होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान के साथ बातचीत में काफी प्रगति हुई है और अगले 48 घंटे में स्थिति साफ हो जाएगी।

दूसरी ओर ईरान ने कहा है कि अमेरिका से कोई बातचीत नहीं चल रही है। होर्मुज स्ट्रेट में नए रास्ते पर समझौते की बातचीत भी सिर्फ ओमान से हो रही है। इसमें अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष को दखल नहीं देना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान से समझौते पर चल रहे विवाद के बीच एक बयान में कहा है- ₹हम उन्हें हरा रहे हैं। मैं समझौता करना पसंद करूंगा क्योंकि मैं लोगों को मारना नहीं चाहता। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से हम सबसे बड़े हमले के लिए तैयार थे। उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि कृपया ऐसा न करें, हमें बात करने दें। फिर उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कभी नहीं कहा। वे हमारा सम्मान करते हैं, लेकिन ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता।₹ ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि पाकिस्तान और कतर के अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत और संपर्क बना हुआ है। हालांकि, फिलहाल विदेश मंत्री अब्बास अराघची या संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ की पाकिस्तान या कतर जाने का कोई प्लान नहीं है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि ओमान के साथ होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर सहमति बनने का मतलब यह नहीं है कि वहां पूरी तरह सुरक्षित माहौल बन गया है। अल जजीरा के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका की सैन्य कार्रवाई और दबाव जारी रहता है तो होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा पर खतरा बना रहेगा।



## आज आधे राजस्थान में तेज बारिश की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

मौसम विभाग ने गुरुवार को राजस्थान के 21 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 7 अगस्त से उदयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में भारी बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है। विभाग के अनुसार राज्य में 10 अगस्त तक मानसून सक्रिय रहेगा। बुधवार (5 अगस्त) को भरतपुर संभाग के अलावा जयपुर संभाग के जिलों में भी 3 इंच तक पानी बरसा। वहीं, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों के कुछ इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा बरसात अलवर के गोविंदगढ़ में 72 एमएम (मिलीमीटर) दर्ज की गई। कोटा में अच्छी बरसात के लिए 4 साल बाद गढ़े भैरूजी को निकालने और पूजा की परंपरा निभाई गई। राजस्थान में इस सीजन में अब तक सामान्य से 17 फीसदी कम बारिश हुई है। राज्य के 245 बांध अब भी खाली हैं।

## शेख हसीना बोलीं- दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी:2 साल बाद वर्चुअल भाषण दिया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली/ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दो साल बाद बुधवार को लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। जब हसीना बोल रही थीं, उस दौरान उनका कैमरा बंद था। 25 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा- मुझे पता है कि वे मुझे जेल में डाल सकते हैं या मार भी सकते हैं, फिर भी मैं दिसंबर में बांग्लादेश वापस जाउंगी। लोगों का समर्थन मेरे लिए बहुत जरूरी है। मौत की सजा, झूठे मुकदमे और दिखावटी सुनवाई मुझे डरा नहीं सकती। मेरे खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई गैरकानूनी, असंवैधानिक और राजनीतिक मकसद से प्रेरित है। हसीना ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी इच्छा से बांग्लादेश नहीं छोड़ा था। प्रदर्शनकारियों के प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़ने पर उनके पास वहां से निकलने के लिए सिर्फ 30 से 40 मिनट का समय था। तब उन्हें नहीं पता था कि वे देश छोड़कर जा रही हैं। वह अपने पैतृक गांव तुंगीपाड़ा जाने की तैयारी कर रही थीं, लेकिन हालात ऐसे बने कि देश छोड़ना पड़ा।

# क्रिकेटर शाकिब अल-हसन के घर पर हमला

### पत्थर-पेट्रोल बम फेंके; कट्टरपंथी शेख हसीना के इवेंट में शामिल होने से नाराज

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब अल हसन के मगुरा शहर में बने घर पर हमला हुआ है। यह घटना पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाकिब के शामिल होने के कुछ घंटों बाद हुई। शाकिब के घर पर हमला रात 8.45 से 9 बजे के बीच हुआ। मगुरा सदर पुलिस के अफसर मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि कुछ उपद्रवियों ने पत्थर फेंके और खिड़कियां तोड़ दीं।

हमलावरों ने घर में आग लगाने की कोशिश की। यह दावा किया जा रहा है कि इसके लिए हमलावर कोल्डड्रिंक की बोतलों में पेट्रोल भरकर लाए थे। गनीमत यह रही कि हमले के वक्त घर खाली था, इसलिए किसी के घायल होने की खबर नहीं है। शाकिब इस वक्त श्रीलंका में हैं। घटना के बाद पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। शाकिब ने सांसद रहते हुए भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और टी-20 लीग में खेलना नहीं छोड़ा। अगस्त 2024 में जब बांग्लादेश में बगावत शुरू हुई, तब भी शाकिब की आलोचना हुई। सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन के दौरान शाकिब पर आरोप लगे कि उन्होंने अवामी लीग के सांसद होने के कारण चुप्पी साधे रखी।



हसीना सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश में अवामी लीग नेताओं और सांसदों के घरों पर कई जगह हमले हुए। इनमें शाकिब का मगुरा वाला घर भी शामिल था। तब भी वे घर पर मौजूद नहीं थे। 2024 में हुए तख्ता पलट के दौरान शाकिब अल हसन बांग्लादेश छोड़कर चले गए थे। उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई। बाद में उनके खिलाफ छात्र आंदोलन के दौरान एक व्यक्ति की मौत से जुड़े हत्या के मामले समेत कुछ आपराधिक मामले दर्ज हुए। उस समय वे विदेश में थे और बांग्लादेश पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी।

# यमन के पास भारतीय जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

### विस्फोटकों से लदी सुसाइड बोट टकराई, जहाज डूबा, उसमें सवार सभी 13 भारतीय सुरक्षित

ब्रह्मास्त्र ›› यमन

यमन तट के पास लाल सागर में भारतीय झंडे वाले कारोबारी जहाज पर हमला हुआ है। यह हमला ईरान से जुड़े हूती विद्रोहियों ने किया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, विस्फोटकों से लदी एक सुसाइड बोट जहाज से टकरा गई। इसके बाद जहाज डूब गया। हालांकि, उसमें सवार सभी 13 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने जहाज 'एमएसवी फैजे नूर-ए-औलिया' पर हुए हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब की राजधानी रियाद में भारतीय दूतावास हालात पर लगातार नजर रखे हुए है और क्रू की सुरक्षा के लिए यमन के अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है।



अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित बातचीत को लेकर अभी तक तारीख और स्थान तय नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान और कतर संभावित मेजबान देशों के तौर पर चर्चा में हैं और दोनों देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान अब सीधी सैन्य जीत के बजाय समुद्री व्यापार, तेल आपूर्ति और अहम शिपिंग रूट्स पर दबाव बनाकर अमेरिका और उसके सहयोगियों की लागत बढ़ाने की रणनीति अपना रहा है। दावा किया कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के ऊपर उड़ रहे MQ-9 रीपर ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम से मार गिराया। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि ड्रोन किस देश का था।

## अमेरिका ईरान पर दबाव बढ़ाने के नए विकल्प तलाश रहाः

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अपने सैन्य विश्लेषकों से ईरान पर दबाव बढ़ाने और उसे सजा देने के लिए नए सुझाव मांगे हैं। अधिकारियों ने इसे असामान्य कदम बताया है। यमन के हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद छह सऊदी सुपरटैंकरों ने लाल सागर और बाब-अल-मंदेब के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से से लंबा समुद्री रास्ता अपनाया। इससे क्षेत्र में शिपिंग सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। ईरान और खाड़ी अरब देश ओमान ने होर्मुज को फिर से खोलने के समझौते की दिशा में प्रगति की है। यह संभावित बड़ी कामयाबी हो सकती है जो मिडिल ईस्ट में युद्ध को कम करने में मदद कर सकती है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 06 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः॥

**भावार्थ** : जिसने ज्ञानांजनरुप शलाका से, अज्ञानरुप अंधकार से अंध हुए लोगों की आँखें खोली, उन गुरु को नमस्कार।

विद्वत्त्वं दक्षता शीलं सङ्क्रान्तिरनुशीलनम्।
शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्त्वं प्रसन्नता॥

**भावार्थ** : विद्वत्व, दक्षता, शील, संक्रांति, अनुशीलन, सचेतत्व, और प्रसन्नता- ये सात शिक्षक के गुण हैं।

## प्रशासनेन पर्यटकानाम् स्थानीयनिवासिनां च आह्वानं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

दुर्बलक्षेत्रेषु निगरानीयता च वर्धिता अस्ति। यदि वर्षा निरन्तरं भवति तर्हि आवश्यकतानुसारं अतिरिक्तसुरक्षा-राहत-उपायाः कार्यान्विताः भविष्यन्ति इति अधिकारिणः वदन्ति। प्रशासनेन पर्यटकानाम् स्थानीयनिवासिनां च आह्वानं कृतम् यत् यावत् मौसमस्य स्थितिः सामान्या न भवति तावत् समुद्रतटं, नदीतीरं, जलयुक्तक्षेत्रं च न गच्छन्तु इति। ड्यूमास् समुद्रतटस्य कृते वर्तमानकाले स्थापितः प्रतिबन्धः अगस्तमासस्य ७ दिनाङ्कपर्यन्तं प्रभावी भविष्यति, तदनन्तरं मौसमस्य स्थितिसमीक्षायाः अनन्तरं अन्यः निर्णयः क्रियते।

## सम्पादकीयम्

### वाष्पयुक्तसन्देशैः

विज्ञानस्य नित्यानुभवस्य च चक्षुषा अस्य अङ्गीयप्रेमजीवनस्य विच्छेदनं कुर्मः। मनोविज्ञानस्य इति प्रसिद्धा अवधारणा अस्ति। सरलतया वक्तुं शक्यते यत् यदा अस्माकं परस्य च मध्ये काचपटलः तिष्ठति तदा अस्माकं निरोधाः, भयाः, लज्जा, सामाजिकविवेकस्य चिन्ता च सहसा विलुप्ताः भवन्ति अङ्गीयपर्दैः मनुष्याणां कृते कवचम् अङ्गीयपर्दे मनुष्याणां कृते रक्षात्मककवचरूपेण कार्यं करोति। यदा द्वौ जनाः शयने एकत्र भवन्ति तदा नेत्रसंपर्कः, शारीरिकः उपस्थितिः च भवति। परस्य मुखस्य भावः, श्वसनं च एकप्रकारस्य अदृश्यं दबावं जनयति । यदि वयं गहनं रहस्यं प्रकाशयामः वा शारीरिकं इच्छां प्रकटयामः तर्हि अस्माकं सहभागिनः तत्कालं प्रतिक्रियायाः चिन्ताम् कुर्मः। किं ते अस्माकं न्यायं करिष्यन्ति? किं ते अस्मान् तिरस्कुर्वन्ति? परन्तु दूरभाषे भवतः अदृश्यं कवचम् अस्ति। जर्नल आफ कम्प्यूटर-मध्यस्थसञ्चारपत्रे प्रकाशितं शोधं स्पष्टतया सूचयति यत् पाठनम्-अथवा सेक्सटिङ्ग-दम्पतीनां दुर्बलतां मुखौटयितुं साहाय्यं करोति। शयने सम्मुखं वक्तुं संकोचम् कुर्वन्ति वस्तूनि पटलस्य पृष्ठतः निगूढं सति सहजतया लिख्यन्ते। संशोधनं किं वदति यदा वयं प्रेमव्यञ्जनस्य विषये वदामः तदा केवलं अहं त्वां प्रेम करोमि इति वक्तुं अधिकं व्याप्तं भवति; तस्मिन् इच्छायाः भौतिकव्यञ्जनाः अपि अन्तर्भवन्ति।

### रियलिटी शो 'लॉक अप' इत्यस्य अन्तिमसप्ताहे डबल एलिमिनेशन

# रियलिटी टीवी स्टार आकांक्षा चौधरी इत्यनेन स्वजीवनस्य भावुकः अनुभवः साझाः कृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई




रियलिटी शो 'लॉक अप' इत्यस्य अन्तिमसप्ताहे डबल एलिमिनेशन राउण्ड् इत्यस्य समये मॉडल् तथा रियलिटी टीवी स्टार आकांक्षा चौधरी इत्यनेन स्वजीवनस्य भावुकः अनुभवः साझाः कृतः। शोतः निर्गमनपूर्वं सा दावान् कृतवती यत् सौन्दर्यप्रतियोगिता-उद्योगे एकः प्रभावशाली व्यक्तिः आर्थिकसाहाय्यस्य विनिमयरूपेण यौन-अनुग्रहस्य आग्रहं कृतवान् आकांक्षस्य प्रकाशनेन शो इत्यस्य प्रतियोगिनः, आयोजकाः च अतीव भावविह्वलाः अभवन्।

आकांक्षा चौधरी व्याख्यातवती यत सा सौन्दर्यप्रतियोगितायां भागं ग्रहीतुं इच्छति परन्तु सज्जतायै, वेषभूषाय, प्रशिक्षणाय च प्रायः एकतः द्वौ लक्षौ रुप्यकाणां आवश्यकता भवति। सा अवदत् यत् तस्याः परिवारस्य आर्थिकस्थितिः एतान् व्ययान् पूरयितुं पर्याप्तं प्रबलं नास्ति। फलतः सा एकस्मात् व्यक्तितः साहाय्यं याचितवती यः पूर्वं कतिपयेभ्यः प्रतियोगिभ्यः आर्थिकसाहाय्यं दत्तवान् आसीत्, प्रतियोगितासु निर्णायकरूपेण अपि कार्यं कृतवान् आसीत्।

आकांक्षायाः दावानुसारं यदा सा आर्थिकसाहाय्यस्य आशां कुर्वन्ती तस्य व्यक्तिस्य गृहं गच्छति स्म तदा प्रथमं सामान्यानि इव भासन्ते स्म, परन्तु पश्चात् तस्य व्यवहारः परिवर्तितः इति। सा अवदत् यत् सः पुरुषः तां बलात् गृहीत्वा अनुचितरूपेण स्पर्शं कर्तुं प्रयतितवान्। सा प्रतिरोधं कृत्वा मुक्तवती, तदनन्तरं सः पुरुषः तां कथितवान् यत् यदि सा तस्य सह यौनसम्बन्धं कर्तुं सहमतः अस्ति तर्हि सः आर्थिकसाहाय्यं दातुं शक्नोति, उद्योगे तस्याः कृते कार्यं अपि सुरक्षितुं शक्नोति इति।

आकांक्षस्य मते सः पुरुषः अपि टिप्पणीं कृतवान् यत् यदि सा पूर्वं तस्य शर्ताः सहमताः स्यात् तर्हि सा पूर्वमेव अनेकाः प्रमुखाः परियोजनाः अवतरितवती स्यात् इति। सा अपि अवदत् यत् विशिष्टकालखण्डे तस्य सह बहुवारं यौनसम्बन्धं कर्तुं शर्तः निर्धारिता अस्ति। आकांक्षः अवदत् यत् सा तत्क्षणमेव प्रस्तावम् अङ्गीकृत्य स्पष्टं कृतवती यत यदि सा पूर्वमेव तस्य अभिप्रायं जानाति स्म तर्हि सा कदापि तस्य समीपं साहाय्यार्थं न गमिष्यति स्म इति।

सा अपि अवदत् यत् तस्याः अस्वीकारे व्यक्तिः तां निरुत्साहयितुं प्रयत्नं कृतवान् यत् मनोरञ्जन-उद्योगे उन्नतिं कर्तुं एतादृशाः सम्झौताः आवश्यकाः सन्ति, पश्चात् सा स्वनिर्णयस्य विषये पश्चातापं करिष्यति इति परन्तु आकांक्षः प्रतिपादितवती यत् सा किमपि सम्झौतां न कृतवती, केवलं परिश्रमेण च प्रगतिम् अकुर्वत्। सा उल्लेखितवती यत्, किञ्चित्कालानन्तरं सा एकस्मिन् प्रमुखे कार्यक्रमे कार्यं कर्तुं अवसरं प्राप्तवती अधुना लोकप्रियस्य राष्ट्रियवास्तविकताप्रदर्शनस्य मञ्चं प्राप्तवती अस्ति।

आकांक्षायाः प्रकाशनानन्तरं शो इत्यस्य आयोजकाः फराहखानः, रितेशदेशमुखः च तस्याः साहसस्य प्रशंसाम् अकरोत्। उभौ अपि टिप्पणीं कृतवन्तौ यत् एतादृशान् अनुभवान् साझां कृत्वा अन्याः महिलाः वक्तुं प्रेरयिष्यन्ति इति। तेषां कृते बोधः आसीत् यत् केवलं परिश्रमेण प्रतिभायाश्च सफलतां प्राप्तुं शक्यते, कस्यापि स्त्रियाः स्वप्नार्थं अनुचितसमझौताः कर्तुं आवश्यकता नास्ति इति।

फराहखानः आकांक्षं प्रति अवदत् यत् यदि प्रस्तावं कृतवान् व्यक्तिः शो पश्यति तर्हि सः अवगन्तुं अर्हति यत् सफलतां परिश्रमेण समर्पणेन च विना किमपि सम्झौतां प्राप्तुं शक्यते। आकांक्षस्य निर्णयस्य प्रशंसया सा अवदत् यत् स्वेन कृतस्य विकल्पस्य विषये गर्वः कर्तव्यः इति।

### स्थानान्तरणप्रयासानां विषये

# उत्थापिताः प्रश्नाः अन्वेषणेन अपि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

स्थानान्तरणप्रयासानां विषये उत्थापिताः प्रश्नाः अन्वेषणेन अपि ज्ञातं यत् विमलकुमारः किञ्चित्कालात् देहरीतः स्थानान्तरणं याचते स्म। तस्य नित्यं विविधरूपेण दबावः भवति स्म इति परिवारजनाः वदन्ति। अधुना तस्य स्थानान्तरणस्य इच्छायाः पृष्ठतः वास्तविककारणानि, तस्य हत्यायाः सम्बन्धः अस्ति वा इति च ज्ञातुं पुलिसाः प्रयतन्ते। पत्नी उच्चस्तरीयजाँचस्य मादकद्रव्यविश्लेषणपरीक्षायाः च आग्रहं करोति। मृताधिकारिणः पत्नी मुख्यमन्त्रीतः सम्पूर्णविषये उच्चस्तरीयजाँचस्य आग्रहं कृतवती अस्ति। चालकस्य ग्रहणमात्रेण सत्यं न प्रकाशितं भविष्यति इति सा अवदत्। सा अस्मिन् प्रकरणे सर्वेषां शङ्कितानां मादकद्रव्यविश्लेषणपरीक्षां कृत्वा सम्पूर्णं षड्यंत्रं उजागरयितुं आग्रहं कृतवती अस्ति। अधिकारिणां मध्ये आक्रोशः।

विमलकुमारस्य नश्वरशवः यदा पटनानगरे तस्य निवासस्थानं प्राप्तवान् तदा बिहारस्य विभिन्ननगरीयस्थानीयसंस्थानां कार्यकारीपदाधिकारिणः, प्रशासनिककर्मचारिणः, कर्मचारी च तत्र एकत्रिताः आसन्। अस्य घटनायाः विषये गहनं आक्रोशं प्रकटयन्तः अधिकारिणः अवलोकितवन्तः यत् अद्यतनकाले अधिकारिणां उपरि आक्रमणानि वर्धितानि, येन सुरक्षाव्यवस्था गम्भीरचिन्ताजनकः विषयः अस्ति। विरोधस्य मध्यं उच्चसचेतनायां प्रशासनम् गोलामार्गे निवासस्थानस्य बहिः बहूनां अधिकारिणः, कर्मचारी च एकत्रिताः आसन्। स्थितिं दृष्ट्वा प्रशासनेन अर्धदर्जनस्थानकात् पुलिसबलं नियोजितम्, यत्र प्रायः शतं कर्मचारिणः सम्मिलिताः आसन्। विरोधान्दोलनानां, नाराघोषाणां च मध्ये सम्पूर्णे क्षेत्रे सुरक्षां कठिनं कृतम्।

## राशिफल

**मेष** : अपनी खर्च करने की आदतों पर गौर करने और बचत लक्ष्य निर्धारित करने का ये एक बढ़िया समय है।

**वृषभ** : संतुलित मानसिकता रखें और खुद पर भरोसा रखें। क्लियर इरादे और अपनी भावनाओं का सम्मान करें।

**मिथुन** : आप मौज-मस्ती और काम को आसानी से कर सकते हैं। छोटी-छोटी बातें मन को खुश करती हैं।

**कर्क** : आप आज के अवसरों को आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाएंगे। आज अपने शरीर के संकेतों को पहचानें।

**सिंह** : आपका दिमाग आपको काम पूरा करने में मदद करता है। आसान योजनाएं शांति लाती हैं।

**कन्या** : आप कुछ नया करने, उत्साहित लोगों से जुड़ने या अपने विचार साझा करने के लिए उत्साहित महसूस कर सकते हैं।

**तुला** : काम पर ध्यान आपको प्रोजेक्ट पूरा करने में मदद करेगा।सोच-समझकर फाइनेंशियल डिसीजन लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** : खुद पर भरोसा करें और अपने आस-पास की शांतिपूर्ण ऊर्जा का आनंद लें। प्रॉपर्टी के मसलों में ध्यान दें।

**धनु** : दोस्ती को मजबूत कर सकते हैं और अपनी प्रतिभाओं को दिखाने के लिए मोटिवेटेड महसूस कर सकते हैं।

**मकर** : दिन खुशी और खोज की भावना लेकर आया है। अपने आस-पास के लोगों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ेंगे।

**कुंभ** : कुम्भ राशि वालों में एनर्जी का एक उछाल देखने को मिलेगा, जो आपको प्रगति की ओर ले जाएगा।

**मीन** : परिवार और दोस्तों के साथ संबंध बेहतर होते हैं क्योंकि आप अधिक धैर्यवान और समझदार हो रहे हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध गोचर से इन तीन राशि वालों का बदलेगा समय, करियर-कारोबार में मिलेगा बड़ा लाभ

बुध कर्क राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। उनके इस गोचर के प्रभाव से कुछ राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। साथ ही जातकों को अच्छे परिणामों की प्राप्ति भी संभव है।

5 अगस्त 2026 को बुध ग्रह कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। कर्क राशि में गोचर के दौरान बुध की सूर्य के साथ युति होगी, जिससे बुधादित्य योग का निर्माण होगा। ज्योतिष में इस योग को बुद्धिमत्ता, सफलता और उन्नति का कारक माना जाता है। ऐसे में बुध का राशि परिवर्तन और बुधादित्य योग का शुभ प्रभाव कई राशि वालों के लिए अच्छे परिणाम लेकर आ सकता है। इस दौरान करियर में नई उपलब्धियां, विदेश यात्रा, रिश्तों में प्रेम और रुके हुए कार्यों में मनचाही सफलता मिल सकती हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह गोचर शुभ साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का पूरा फल मिलने के योग बनेंगे। इस समय आपकी मेहनत करियर में प्रगति के नए अवसर लेकर आएगी। नौकरी में प्रमोशन के योग हैं। परीक्षा में अच्छे परिणाम आने की संभावना है। व्यापार से जुड़े लोगों को भी अच्छे लाभ की संभावना रहेगी। अचानक से धन प्राप्ति के योग बनेंगे। व्यवसाय के सिलसिले में की गई यात्राएं भी शुभ परिणाम देंगी।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए बुध का यह गोचर लाभदायक रहेगा। करियर-कारोबार में कुछ नया करने का मौका मिलेगा। आय में वृद्धि और धन लाभ के योग बन सकते हैं। आपकी कार्यक्षेत्र में पहचान मजबूत होगी और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। प्रमोशन के अवसरों में वृद्धि के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होने के संकेत हैं। समाज में पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने पर अच्छा लाभ मिलेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े प्रयासों में सफलता मिल सकती है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय भाग्योदय का संकेत दे रहा है। विरोधी पक्ष सुलह का प्रस्ताव दे सकता है। धार्मिक स्थल की यात्रा के योग बन सकते हैं। करियर में मनचाही सफलता मिलने की संभावना है। कुछ लोग नया वाहन या कोई कीमती वस्तु खरीदने का विचार बना सकते हैं। परिवार में शुभ और मांगलिक कार्यों की चर्चा होगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना भी रहेगी।

### सिंधु का मैच सोफिया से, आयुष वर्ल्ड चैंपियन से भिड़ेंगे, 17 अगस्त से नई दिल्ली में टूर्नामेंट

# वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने बुधवार को नई दिल्ली में वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी किया। चैंपियनशिप 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली में होगी। पहले दौर में भारत के आयुष शेट्टी का मुकाबला वर्ल्ड चैंपियन और टॉप सीड चीन के शी यू क्वी से होगा। पीवी सिंधु पहले मैच में आयरलैंड की सोफिया नोबल से खेलेंगी। सात्विक-चिराग की जोड़ी को बाई मिला है।

पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ियों का ड्रॉ है। तीनों युगल स्पधाओं में 48-48 जोड़ियां हिस्सा लेंगी।

**विमेंस सिंगल्स में भी शुरूआती मैच कठिन-** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु अपने अभियान की शुरूआत आयरलैंड की सोफिया नोबल के खिलाफ करेंगी। हालांकि, आगे का सफर उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सिंधु को राउंड ऑफ 16 में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी और क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वदार्नी का सामना करना पड़ सकता है। सिंधु का ड्रॉ ओलंपिक चैंपियन एन से यंग वाले हाफ में है। उन्नति हुड्डा अपने वर्ल्ड चैंपियनशिप डेब्यू में म्यांमार की थेट हतार थुजार से भिड़ेंगी। अगर उन्नति तीसरे राउंड से आगे बढ़ती हैं, तो क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जापान की अकाने यामागुची से हो सकता है।

**मेंस सिंगल्स में कई रोमांचक मुकाबले होंगे-** मेंस सिंगल्स में 14वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले राउंड में ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स फिलिमोन से खेलेंगे। अगर लक्ष्य क्वार्टर फाइनल तक पहुंचते हैं, तो तीसरे राउंड में उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न से हो सकता है।

क्वार्टर फाइनल में उनकी टक्कर फ्रांस के एलेक्स लानियर या क्रिस्टो पोपोव से हो सकती है। वहीं, आयुष शेट्टी को पहले राउंड में सबसे कठिन ड्रॉ मिला है। आयुष का मुकाबला राउंड ऑफ 64 में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यूकी से होगा। इस सीजन में यह दोनों के बीच तीसरी भिड़ंत होगी, जिसमें शी यूकी का पलड़ा 3-0 से भारी है।

### युगल वर्ग में शीर्ष जोड़ियों को पहले दौर में बाय मिली

तीनों युगल स्पधाओं की सभी 16 वरीय जोड़ियों को पहले दौर में बाय मिला है। इनमें भारत के साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी शामिल हैं। भारतीय कोच टैन किम हर ने सात्विक की कंधे की चोट को सबसे बड़ी चिंता बताया। टैन ने कहा, ह्यअगर सात्विक और चिराग मानसिक रूप से मजबूत रहते हैं, तो वे खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकते हैं।

### भारतीय कोच गोपीचंद बोले- भारतीय नजरिए से ड्रॉ अच्छा

भारत के हेड कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि भारतीय टीम कई इवेंट्स में मजबूत स्थिति में है। टीम का लक्ष्य कम से कम कुछ इवेंट में पोडियम फिनिश करना है। गोपीचंद ने कहा, ह्यभारतीय नजरिए से ड्रॉ अच्छा दिख रहा है। सबसे बड़ा पहला मुकाबला शी यू क्वी और आयुष शेट्टी के बीच है। उन्होंने कहा, ह्यमेरा मानना है कि आयुष बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक खेल को देखते हुए पहले दौर में शी से खेलना बाद के मुकाबले से बेहतर है। अगर वह यह मैच जीतते हैं तो उनके लिए ड्रॉ खुल सकता है।

## युवा खिलाड़ी पर दबाव न डालें : रहाणे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट करियर को लेकर अपनी राय रखी है। रहाणे का मानना है कि वैभव के टेस्ट करियर को लेकर अभी कोई भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट और आईपीएल में काफी अंतर है।

रहाणे ने 'स्टिक टू क्रिकेट' पॉडकास्ट पर डेविड लॉयड, फिल टफनेल, एलिस्टेयर कुक और माइकल वॉन के साथ बातचीत में यह बात कही। वैभव को अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए और मौके दिए जाने चाहिए।

रहाणे ने 30 जुलाई को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी थी। रहाणे ने कहा कि वह वैभव पर दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि लोग पहले ही उनके बारे में काफी चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा- आईपीएल में 4-5 ओवर में 70 रन बनाना आसान हो सकता है, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में वही लक्ष्य हासिल करना पूरी तरह अलग चुनौती है। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी-20 में फिफ्टी लगाने के बाद वैभव सूर्यवंशी।

# दूसरा टेस्टः पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया



### सीरीज 1-1 से बराबर; शफीक ने शतक लगाया, साजिद के 8 विकेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पोर्ट ऑफ स्पेन

पाकिस्तान ने त्रिनिदाद एंड टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई। पहला टेस्ट वेस्टइंडीज ने 90 रन से जीता था।

क्वीन्स पार्क ओवल मैदान पर खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 344 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 387 रन बनाए और 43 रन की बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 117 रन पर सिमट गई और पाकिस्तान को 75 रन का टारगेट मिला।

मैच के चौथे दिन पाकिस्तान ने 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। पहली पारी में नाबाद 160 रन बनाने वाले शफीक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन के स्कोर 103/6 से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने बिना रन जोड़े केमार रोच (0) का विकेट गंवा दिया। उन्हें लेफ्ट आर्म स्पिनर अली उस्मान ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद मोहम्मद अली ने जस्टिन ग्रीव्स (3 रन) को बोल्ड किया। फिर उस्मान ने शमार जोसफ (9 रन) को मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर पारी समेट दी। ब्रेंडन किंग चोट की वजह से बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। स्पिनर साजिद ने दोनों पारियों में 4-4 विकेट लिए। तीसरे दिन का आखिरी सत्र मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाजों ने बढ़त खत्म कर दी थी। हालांकि स्पिनर साजिद खान और अली उस्मान ने लगातार विकेट लेकर चटकाए। साजिद ने तेजनारायण चंद्रपॉल को एलबीडब्ल्यू आउट कर पहली सफलता दिलाई।

## खबर एक नजर...

### फेरी वाले से मांगा हफ्ता, नहीं देने पर मारपीट

**उज्जैन।** उत्तरप्रदेश का रहने वाला सुनील पिता मोजीलाल बाथम 28 साल कुछ साल से उज्जैन स्थित बहादूरगंज में किराये का मकान लेकर निवास कर रहा है और फेरी लगाकर नमकीन बेचने का काम करता है। बीती रात फेरी लगाकर बहादूरगंज लौट रहा था। उसी दौरान मिलन बैरागी ने उसे रोका और क्षेत्र में फेरी लगाने पर 500 रुपए रोजाना देने की मांग रखी। सुनील ने विरोध किया और रुपए देने से मना कर दिया। मिलन ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि क्षेत्र में फेरी लगाई तो अच्छा नहीं होगा। सुनील ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना पुलिस से की। पुलिस ने मिलन के खिलाफ हफ्तावसूली और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है।

### खेत में से रास्ता बनाने की बात पर भिड़े 2 पक्ष

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम गुरला में भारत पिता भंवर चंद्रवंशी 42 साल और ईश्वरलाल पिता मांगीलाल परमार का खेत पास-पास है। जिनके बीच रास्ते को लेकर तनातनी बनी हुई थी। बीती रात खेत में रास्ता बनाने के लिये ईश्वरलाल पहुंचा था। जिसका विरोध भारत ने किया तो विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। एक पक्ष से भारत और नागेश्वर घायल हो गये। दूसरे पक्ष से ईश्वरलाल को चोंट आई। मामला थाने पहुंचने पर भारत ने शिकायत दर्ज कराई कि रास्ता बनाने से मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई है। वहीं ईश्वरलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि वह पड़ोसी के खेत से रास्ता नहीं बना रहे थे। अपने खेत में रास्ता तैयार कर रहे थे। बावजूद भारत, नागेश्वर और अन्यों ने मारपीट की है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### पिता-पुत्र ने प्राचार्य और युवक ने लाईन मेन को पीटा

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम बटलावदी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में बच्चे खेल रहे थे। परिसर के आसपास पौधों के टी गार्ड लगे थे, जिसे ग्राम में रहने वाले मंगल चंद्रवंशी और उसके पिता बापू चंद्रवंशी द्वारा उखाड़ दिया गया। छात्रों ने टी गार्ड उखाड़ने की खबर विद्यालय के प्राचार्य सुनील सोनवा को दी। प्राचार्य खेल परिसर में पहुंचे और टी गार्ड उखाड़ने वाले पिता-पुत्र का विरोध कर वापस लगाने की बात कहीं। पिता-पुत्र ने प्राचार्य से अभद्रता शुरू कर दी और धक्का-मुक्की करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। शासकीय कार्य में बाधा का एक प्रकरण माकडोन थाना पुलिस ने विद्युत मंडल के लाइन परिचालक रोहित पिता रतनलाल बागरी की शिकायत पर दर्ज किया। रोहित ने बताया कि वह कर्मचारी जितेन्द्र मालवीय, प्रकाश और सौदान यादव के साथ ग्राम लिम्बादित पहुंचा था। जहां 11 केवी बिजली लाइन के आसपास पेड़ों की डालियां छांटने का काम कर रहा था। उसी दौरान ग्राम में रहने वाला जितेन्द्र आया और डालियां काटने की बात पर विवाद करते हुये मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा डाली।

### बदमाश बुंदेला से बरामद किया गया देशी कट्टा

**उज्जैन।** बुंदेला गैंग के बदमाश यशवेन्द्र उर्फ छिग्गु की चिमनगंज थाना पुलिस को 3 माह से ड्रग्स मामले और ढांचा भवन आगजनी में तलाश थी। बदमाश अवैध हथियारों के साथ निम्बाहेडा पुलिस की गिरफ्त में आया था। जिसे प्रोटेक्शन वारंट पर पूछताछ के लिये लाया गया है। एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि बदमाश को पूर्व में 3 दिनों की रिमांड पर लेकर ड्रग्स मामले में पूछताछ की गई। उसके चाचा धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को गरोठ ब्रिज के नीचे से पकड़ा गया था। 28 ग्राम ड्रग्स बरामद होने पर उसने भतीजे छिग्गु से लेना बताया था। ड्रग्स मामले में पूछताछ पूरी होने के बाद बदमाश को ढांचा भवन आगजनी और हवाई फायर करने के मामले में दोबारा रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान उससे देशी कट्टा बरामद किया गया है। आगजनी मामले में छिग्गु बुंदेला के पूर्व में गिरफ्तार साथियों से 5 देशी कट्टे बरामद किये जा चुके थे। अब तक गैंग के बदमाशों से 6 कट्टे जप्त हो चुके है। फिलहाल छिग्गु से पूछताछ जारी और कुछ वाहन बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### चेन चोरी करने वाली महिला को भेजा गया जेल

**उज्जैन।** सावन के प्रथम सोमवार को हरसिद्धी मंदिर चौराहा से महिला श्रद्धालु की चेन चोरी करने वाली अमरी पति सुरेश बाछड़ा 40 साल निवासी ग्राम हाड़ी पिपलिया मनासा को लोगों की मदद से पकड़ा गया था। उसके पास से चेन में लगा पेंडल बरामद हुआ था। चेन बरामदगी के लिये महाकाल थाना पुलिस ने एक दिन की रिमांड पर लिया था, इस दौरान सामने आया कि उसने चेन अपने साथ आई दूसरी महिला को दी थी, पुलिस ने उसके साथ वारदात करने वाली महिला की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। एसआई नेहा जादौन ने बताया कि बुधवार को आरोपिया का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपिया काफी शातिर है, वह पूछताछ के दौरान चेन चोरी की वारदात से इंकार करती रही। जबकि उसे रंगेहाथ पकड़ा गया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 899-6 | 790-6 |
| मेन बाजार | 466-6 | 126-9 |
| मिलन डे | 378-8 | 137-0 |
| मिलन नाइट | 230-5 | 389-0 |

1 7 8

---

#### नाले में फंसने पर छोड़कर भागा निकला था चालक

# प्याज से भरी पिकअप में मिला 2.34 क्विंटल डोडाचूरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तेजगति से दौड़ती पिकअप मंगलवार-बुधवार रात सड़क किनारे नाले में फंस गई। चालक छोड़कर भाग निकला। रात्रि गश्त में पुलिस को पिकअप दिखाई दी तो घटनाक्रम का पता लगाने पहुंची। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें प्याज की बोरियों के नीचे रखा मादक पदार्थ डोराचूरा बरामद हो गया।

नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि रात में 12.30 बजे के लगभग एसआई रामप्रसाद वेद, प्रधान आरक्षक नीरज पटेल, ईश्वर चौहान, आरक्षक गजेन्द्र दुबे, रोहित मिश्रा शासकीय वाहन से गश्त पर निकले थे। लालपुर से गरोठ ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर भ्रमण के दौरान अक्षत स्कूल के आगे सड़क किनारे एक पिकअप दिखाई दी, भ्रमण टीम करीब पहुंची तो नाले में फंसी थी जिसका नम्बर पीबी 11 डीएन 2621 था। आसपास देखने पर चालक दिखाई नहीं दिया। पिकअप की तिरपाल खोली गई उसमें प्याज के बोरे दिखाई दिये। गश्त टीम ने पूरी पिकअप की तलाशी तो उसमें से मादक पदार्थ की दुर्गंध आने लगी। प्याज के बोरे हटाने पर अलग से 8 प्लास्टिक की बोरियां मिली। जिसे खोलने पर उसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। रात में पिकअप को कस्टडी में लिया गया और उसमें रखे मादक पदार्थ के बोरों का वजन किया गया, जो 2 क्विंटल 34 किलो होना सामने आया। थाना प्रभारी के अनुसार बरामद मादक पदार्थ 3 से 4 लाख रुपए का है, वहीं पिकअप 10 लाख कीमत की पाई गई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।



#### गरोड़ रोड से नागझिरी आ रही थी पिकअप

एसआई वेद ने बताया कि अक्षत स्कूल के सामने जिस तरह से पिकअप लावारिस हालत में खड़ी मिली, उससे प्रतीत हो रहा था कि गरोठ रोड से नागझिरी की ओर आ रही थी, रफ्तार तेज होने पर चालक नियंत्रण नहीं रख पाया और सड़क किनारे उतरकर नाले में फंस गई। फिलहाल नम्बर के आधार पर चालक और पिकअप मालिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी चैक किये जा रहे है।

#### प्याज की आड़ में मादक पदार्थ का परिवहन

पुलिस की माने तो प्याज की आड़ में मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा था। आशंका यह भी जताई है कि मादक पदार्थ राजस्थान या मंदसौर के रास्ते लाया जा रहा था। चालक के हिरासत में आने ही पता चलेगा कि मादक पदार्थ का परिवहन कहां से कहां के लिये हो रहा था और मामले कौन-कौन शामिल है, जो इतनी अधिक मात्रा में अवैध परिहवन करा रहे थे।

---

#### बाइक से आए थे दो बदमाश, पुलिस पहुंची वारदात स्थल

# फव्वारा चौक पर रात 11 बजे चेन स्नेचिंग की वारदात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

व्यावसायिक क्षेत्र फव्वारा चौक पर रात 11 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दे दिया। दंपति कोतवाली थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। चेन दो तोला वजनी होना बताया जा रहा है।

मिली जानकारी अनुसार डाबरी पीठा में रहने वाले मुकेश नीमा फव्वारा चौक पर नीमा ड्रायफ्रूट दुकान संचालित करते हैं। रात 9 बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचे। भोजन करने के बाद प्रतिदिन की तरह रात में पत्नी के साथ पैदल टहलने के लिए फव्वारा चौक तक आए थे। चौक का राउंड लगाकर वह 11 बजे के लगभग वापस लौट रहे थे उसी दौरान बाइक से आए दो बदमाशों ने उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपटी और तेजगति से भाग निकले। रात का समय होने पर व्यवसायिक क्षेत्र पूरी तरह से बंद हो चुका था और मार्ग पर आवागमन भी काफी कम था। चेन स्नेचिंग के बाद मीणा दंपति ने अपने परिचित और परिजनों को सूचना दी। दोनों वारदात की शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाने पहुंचे। बताया जा रहा है कि पुलिस वारदात स्थल पर जांच करने पहुंची थी। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से बाइक सवार बदमाशों के भागने का रास्ता ट्रेस किया जाएगा। इन दिनों शहर में बदमाश सक्रिय दिखाई दे रहा है, कुछ दिनों पहले चिंतामण थाना क्षेत्र में आठ बदमाशों ने आभूषण व्यापारी के साथ लूट के वारदात को अंजाम दे दिया था। पुलिस ने बदमाशों को घेराबंदी में पकड़ा था। इससे पहले भी नीलगंगा थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार भोपाल के बदमाश ने अपने दो नाबालिक साथियों के साथ लूट और चेन स्नेचिंग की वारदात के साथ चिंतामण क्षेत्र में महिला से चांदी का कंदोरा झपट लिया था। चोरी की वारदात तो आए दिन सामने आ रही है। बदमाश लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं।



### स्थानीय संसाधन और नई तकनीक से उद्यम शुरू करने का किया आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के एमएसएमई इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर और भारत सरकार के एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, इंदौर के सहयोग से उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और नवोदित उद्यमियों को उद्यमिता, स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। मुख्य अतिथि नगर निगम के अपर आयुक्त संतोष कुमार टैगोर थे। अध्यक्षता प्रभारी कुलगुरु शैलेंद्र शर्मा ने की। टैगोर ने युवाओं से स्थानीय संसाधनों और नई तकनीक पर आधारित उद्यम शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने पर जोर दिया। एमआईआईसी के निदेशक उमेश कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय रोजगार सृजन की सोच विकसित करनी चाहिए।

## ट्रेन में शराब पीकर हुडदंग कर रहे थे चार युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस में मंगलवार-बुधवार रात 4 युवक शराब पीकर हुडदंग कर रहे थे। यात्रियों के मना करने पर अभद्रता की जा रही थी। यात्रियों ने मामले की सूचना रेलवे हेल्पलाइन नम्बर पर दी। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचते ही जीआरपी ने चारों युवकों को हिरासत में ले लिया।

**यात्रियों की सूचना पर जीआरपी ने पकड़ा**

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एम-3 में शराब पीकर हुडदंग कर रहे चार युवकों की सूचना मिलने पर रात को प्लेटफार्म नम्बर 1 पर टीम को अलर्ट किया गया। ट्रेन के आते ही प्रधान आरक्षक मानसिंह टेकाम, श्याम सुंदर चौबे, वीर भूपेंद्र, जितेंद्र छाडी, आरक्षक अरुण सारस्वत, दिलीप लोधी, रजत चौहान, शिल्पा मोगिया, पायल पालीवाल, नेहा शर्मा की टीम ने कोच में सर्चिंग शुरू की और यात्रियों की निशानदेही पर चारों युवकों को कस्टडी में लिया गया।

थाने लाने पर पूछताछ में उनके नाम सतीश पिता सुरेशचंद्र सोनी 47 वर्ष, कुलदीप पिता महेंद्र राठौर 26 वर्ष, मनीष पिता सुरेशचंद्र सोनी 37 वर्ष और धीरज पिता जटालसिंह परमार 40 वर्ष निवासी कालापीपल शाजापुर सामने आये। चारों को रात में ही मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चारों शराब के नशे में होना पाये गये। मामले में उनके खिलाफ धारा 34(6) और 35(3) का प्रकरण दर्ज कर किया। चारों को यात्रा के दौरान नशा कर शांति भंग नहीं करने की हिदायत देकर नोटिस पर रिहा किया गया।

## साड़ी का फंदा डाला गले में, हालत गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कचौरी-समोसे की दुकान लगाने वाले युवक ने बुधवार शाम साड़ी का फंदा गले में डाल लिया। बच्चों ने लटका देखा तो शोर मचाया पापा मर गये। पडोसी दौड़कर आये और युवक को फंदे से उतारा। सांस चलने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

मामला महिदपुर की गणेश चौपाटी है। जहां से शाम को पवन पिता दयाराम भोई 30 साल को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया। परिजनों ने बताया कि पवन कचोरी-सोमसे की दुकान लगता है। उसके तीन बच्चे है, पत्नी मजदूरी करती है। शाम को बच्चों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाया पापा मर गये, आवाज सुनकर आसपास के रहने वाले पहुंचे और साड़ी के फंदे पर लटके पवन को नीचे उतारा, उसकी सांस चल रही थी। तत्काल महिदपुर अस्पताल लाया गया। खबर मिलते ही मजदूरी पर गई पत्नी, भाई और मां अस्पताल पहुंच गये। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया। परिजनों का कहना था कि शराब का नशा करता है, 2 दिन पहले घर में जमकर झगड़ा किया था। पत्नी का कहना था कि कई बार शराब पीने से मना किया लेकिन मारपीट पर उतारू हो जाते थे।

# राजस्थान के युवकों से मिली हजारों की अवैध शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वतंत्रता दिवस से पहले रेलवे स्टेशन पर चैकिंग अभियान की शुरूआत कर दी गई है। बुधवार सुबह चैकिंग के दौरान राजस्थान के 2 युवकों को पकड़ा गया। जिनके पास से बेग में भरी हजारों की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता के निर्देश पर एसआई बीएस कुशवाह, प्रधान आरक्षक मानसिंह टेकाम, आरक्षक नीरज पंत अरूण सारस्वत और रजत चौहान चैकिंग अभियान संदिग्धों पर नजर रख तलाशी ले रहे थे। इसी बीच नागदा छोर स्थित फुटओवर ब्रिज पर 2 युवकों ने चैकिंग देख बचकर निकलने का प्रयास किया, दोनों पर संदेह होते ही टीम ने उनका पीछा किया और ब्रिज उतरने से पहले रोक लिया। उनके बेग की तलाशी ली गई तो दोनों के पास से अंग्रेजी शराब की बोतले बरामद हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि हिरासत में आये युवक राजस्थान के बाडमेर स्थित ग्राम नांद (चौखनिया की ढाणी) के रहने वाले भाई प्रवीण पिता रामाराम जाट 22 वर्ष और नरेश पिता रामाराम जाट 19 वर्ष है। दोनों के पास से बरामद शराब 20 हजार से अधिक की पाई गई है। दोनों आदतन शराब तस्कर है। उनके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है और न्यायालय से वारंट जारी हो चुका है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है। गुरूवार दोपहर को न्यायालय में पेश किया जायेगा।



#### 40 सेक्टर में बनेगें 80 थाने, 63 हजार पुलिसकर्मी की होगी तैनाती

# एआई तकनीक से होगी 30 करोड़ श्रद्धालुओं की निगरानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिये बुधवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाकर एआई तकनीक निगरानी की योजना बनाई गई है। 3 हजार हेक्टेयर में सिंहस्थ का आयोजन किया जायेगा। जिसे 10 जोन, 40 सेक्टर और 80 थानों में विभाजित कर 63 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी।

पुलिस कंट्रोलरूम पर आयोजित बैठक एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में शुरू हुई। इस दौरान एएसपी, सीएसपी, ट्रेफिक डीएसपी, सभी थाना प्रभारी, एएसआई शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने सिंहस्थ-2028 की प्रस्तावित सुरक्षा व्यवस्था का प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि 9 अप्रैल से 8 मई 2028 तक प्रस्तावित महाकुंभ में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। तृतीय अमृत स्नान पर 5 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है। करीब 3 हजार हेक्टेयर में प्रस्तावित मेला क्षेत्र को 10 जोन, 40 सेक्टर और 80 थानों में विभाजित करने का प्रस्ताव है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 62,950 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों और 500 राजपत्रित अधिकारियों की तैनाती की योजना बनाई गई है। बैठक में एआई आधारित सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। पूरे मेला क्षेत्र और शहर में 3,500 एआई सीसीटीवी कैमरे, 416 ड्रोन, अंडरवाटर कैमरे और 2,700 से अधिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएंगे। एआई आधारित स्टाम्पीड अर्ली वार्निंग सिस्टम संभावित भगदड़ की पहले ही चेतावनी देगा, जबकि एएनपीआर और फेसियल रिकग्निशन तकनीक से चोरी के वाहन और संदिग्ध अपराधियों की पहचान की जाएगी। कार्तिक मेला क्षेत्र में 24\7 इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने तथा माधवनगर और राणोजी की छत्री क्षेत्र में बैकअप कंट्रोल सेंटर बनाने की योजना भी प्रस्तुत की गई। साइबर सुरक्षा के लिए साइबर थाना, 10 साइबर हेल्प डेस्क और 1,000 साइबर वॉरियर्स की तैनाती पर भी चर्चा हुई।



#### आठ मार्गो पर विशेष ट्रेफिक प्लान

यातायात व्यवस्था को लेकर इंदौर, देवास, मक्सी, आगर, गरोठ, नागदा, उन्हेल और बड़नगर सहित आठ प्रमुख मार्गों पर विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया जा रहा है। बाहरी क्षेत्र में 100 से अधिक पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे, जहां प्रतिदिन 2.20 लाख वाहनों और 52.60 लाख श्रद्धालुओं की क्षमता के अनुरूप व्यवस्था रहेगी। अंतर्राज्यीय समन्वय, रेलवे पुलिस के साथ तालमेल और प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान सुरक्षा प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में एडीजी राकेश गुप्ता और डीआईजी नवनीत भसीन ने सभी तैयारियां समयबद्ध और तकनीक आधारित तरीके से पूरी करने के निर्देश देते हुए सुरक्षित सिंहस्थ, सफल सिंहस्थ के लक्ष्य की प्राथमिकता पर जोर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com